ज्ञान अनन्त
LAKSHYA

# लक्ष्य®

RSSB द्वारा आयोजित सीधी भर्ती परीक्षा

# जेल प्रहरी

## कारागार विभाग

विवेचना एवं तार्किक योग्यता • सामान्य विज्ञान • आपदा प्रबंधन एवं जलवायु परिवर्तन • भारतीय संविधान • राजस्थान के विशेष संदर्भ में राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था • राजस्थान का भूगोल • इतिहास कला एवं संस्कृति • राजस्थान अर्थशास्त्र

मनु प्रकाशन प्रा. लि.
जयपुर




इस पुस्तक के साथ
FREE
जेल प्रहरी
21 सॉल्वड पेपर्स

कांति जैन
डॉ. महावीर जैन
अंशुल जैन

Bookbazi.in

लक्ष्य®

RSSB द्वारा आयोजित सीधी भर्ती परीक्षा

# जेल प्रहरी

## कारागार विभाग

विवेचना एवं तार्किक योग्यता • सामान्य विज्ञान • आपदा प्रबंधन एवं जलवायु परिवर्तन • भारतीय संविधान • राजस्थान के विशेष संदर्भ में राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था • राजस्थान का भूगोल • इतिहास कला एवं संस्कृति • राजस्थान अर्थशास्त्र


**लेखक**

- डॉ. महावीर जैन
- कान्ति जैन
- अंशुल जैन
- सेजल जैन
- डॉ. शिवानी जैन


**विद्यार्थियों हेतु सूचना**

- लक्ष्य की हमेशा से कोशिश रही है कि हम हर नई पुस्तक में लेटेस्ट पाठ्यसामग्री का समावेश करें। हमारा प्रयास रहता है कि पुस्तक का प्रेजेंटेशन इस तरह हो कि विद्यार्थियों को याद करने व रिवीजन करने में आसानी हो।
- इस संदर्भ में आपके सुझाव आमंत्रित हैं। कॉल करें 98299-27737 पर (सोम-शनि, 11-6 PM)


लक्ष्य®

मनु प्रकाशन (प्रा.) लिमिटेड, जयपुर


Bookbaazi.in

# अनुक्रमणिका

## तार्किक और विश्लेषणात्मक योग्यताएँ


- कथन और परिकल्पनाएँ (Statement and Assumptions) ........ 1
- कथन और तर्क (Statement and Argument) ........ 4
- कथन और निष्कर्ष (Statement and Conclusion) ........ 7
- कथन और कार्यवाही (Statement and Action) ........ 11
- संख्या श्रृंखला, अक्षर श्रृंखला (Number Series, Letter Series) ........ 16
- बेमेल ढूंढ़ना (Finding the odd) ........ 24
- सांकेतिक भाषा (Coding-Decoding) ........ 28
- रक्त संबंध (Blood Relation) ........ 40
- चित्रों और उनके उप-विभाजन से संबंधित समस्याएँ (Problems Related to images and their sub-division):
  - आकृतियों की गणना करना (Counting Figures) ........ 45
  - असुमेलित को अलग करना (Odd One Out) ........ 52
  - सादृश्यता (Analogy) ........ 54
  - दर्पण एवं जल प्रतिबिम्ब (Mirror and Water Image) ........ 57
  - कागज को मोड़ना एवं काटना (Paper Folding and Cutting) ........ 63
  - आकृति को पूर्ण करना (Completion of Figure) ........ 66
  - सन्निहित आकृतियाँ (Embedded figures) ........ 69
- सादृश्यता (Analogy) ........ 71
- व्यवस्थित क्रम परीक्षण (Sitting Arrangement Test) ........ 77
- तार्किक क्रम (Logical Sequence) ........ 82
- दिशा परीक्षण (Direction Sense Test) ........ 85
- वेन आरेख (Venn-Diagram) ........ 90
- लुप्त संख्या ज्ञात करना (Find Missing Number) ........ 97
- आयु परीक्षण (Age Test) ........ 102
- घड़ी परीक्षण (Clock Test) ........ 105
- घन, घनाभ और पासा (Cube, Cuboid & Dice) ........ 109
- कैलेण्डर (Calendar) ........ 113
- संख्या पद्धति (Number System) ........ 117
- सरलीकरण (Simplification) ........ 123
- सरल ब्याज (Simple Interest) ........ 128
- चक्रवृद्धि ब्याज (Compound Interest) ........ 133
- प्रतिशतता (Percentage) ........ 139
- अनुपात-समानुपात (Ratio And Proportion) ........ 145
- औसत (Average) ........ 151-156


Bookbaazi.in

## राजस्थान सामान्य ज्ञान


- राजस्थानः स्थिति, विस्तार, भौतिक स्वरूप एवं विभाजन ........ 157
- राजस्थान का अपवाह तंत्रः नदियाँ एवं झीलें ........ 169
- राजस्थान की जलवायु एवं मृदा ........ 173
- प्राकृतिक वनस्पतियाँ व वन संरक्षण ........ 177
- प्रमुख सिंचाई परियोजनाएँ ........ 185
- जल संसाधन ........ 191
- राजस्थान की जनसंख्या ........ 195
- राजस्थान का परिवहन व राज्यमार्ग ........ 204-208


## राजस्थान का इतिहास, कला एवं संस्कृति


- ऐतिहासिक घटनाएँ ........ 209
- 1857 की क्रांति ........ 217
- राजस्थान में किसान एवं जनजातीय आंदोलन ........ 222
- राजस्थान में प्रजामण्डल आन्दोलन व राजनीतिक चेतना ........ 234
- एकीकरण ........ 245
- प्रमुख व्यक्तित्व ........ 249
- राजस्थान के लोक देवता एवं लोक देवियाँ ........ 266
- लोक साहित्य ........ 275
- राजस्थान की भाषा व बोलियाँ ........ 285
- राजस्थान का साहित्य ........ 288
- राजस्थान के मेले ........ 303
- राजस्थान के त्योहार ........ 308
- राजस्थान की वेशभूषा, आभूषण, खान-पान एवं रीति-रिवाज ........ 313
- राजस्थान के लोक संगीत एवं संगीत वाद्ययंत्र, लोक नृत्य एवं लोक नाट्य ........ 326
- लोक कला ........ 340
- राजस्थान की वास्तुकला- पर्यटन स्थल व स्मारक ........ 344-370


## भारतीय संविधान राजस्थान राज्य के विशेष संदर्भ में राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था


- भारतीय संविधान का परिचय एवं आधारभूत लक्षण ........ 371
- राज्य व्यवस्थापिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका ........ 378
- जिला प्रशासन एवं जिला स्तर पर न्यायिक ढाँचा ........ 385
- मुख्य सचिव ........ 388
- सूचना का अधिकार ........ 393-394


Bookbaazi.in

## सामान्य विज्ञान


- भौतिक एवं रासायनिक परिवर्तन ....................395
- धातु, अधातु एवं प्रमुख यौगिक ....................397
- प्रकाश का परावर्तन एवं नियम ....................400
- आनुवंशिकी से संबंधित सामान्य शब्दावली ....................405
- मानव शरीर : संरचना व अंग तंत्र ....................409
- प्रमुख मानव रोग : कारक एवं निदान ....................431
- अपशिष्ट प्रबंधन ....................441-446


## अर्थशास्त्र


- ग्रामीण विकास ....................447
- राजस्थान के विकास में उद्योग ....................454
- राजस्थान के विकास में कृषि ....................464
- राजस्थान के विकास में पशुपालन ....................471
- राजस्थान के विकास में खनिज ....................478
- राजस्थान की अर्थव्यवस्था-आधारभूत विशेषताएँ ....................492
- राज्य की आय ....................497
- बजट की अवधारणा ....................502
- राजस्थान की अर्थव्यवस्था की प्रमुख चुनौतियाँ एवं समस्याएँ ....................510


## आपदा प्रबंधन एवं जलवायु परिवर्तन


- आपदा प्रबंधन एवं जलवायु परिवर्तनः ....................513-552
  - आपदा प्रबंधनः परिचय, वर्गीकरण ( प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाएँ ), आपदा प्रबंधन- रणनीतियाँ और उपाय ....................513
  - जलवायु परिवर्तन ....................518
  - आपदा प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन के लिए काम करने वाली राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की भूमिका और कार्यात्मक रूपरेखा ....................523
  - आपदा प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय नीति व योजना ....................526
  - पर्यावरण पर मानवीय प्रभावः वनों की कटाई, प्रदूषण, संसाधनों का अतिदोहन, पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव और जैव विविधिता संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण ....................528




Bookbaazi.in

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित
## जेल प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा 2024

**परीक्षा की स्कीम**

| क्र.सं. | प्रश्न-पत्र | प्रश्न संख्या | कुल अंक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विवेचना एवं तार्किक योग्यता | 45 | 180 | 2 घंटे |
| 2. | सामान्य ज्ञान/सामान्य विज्ञान/सामाजिक विज्ञान एवं सम-सामयिक | 25 | 100 | |
| 3. | राजस्थान का इतिहास, संस्कृति, कला, भूगोल इत्यादि | 30 | 120 | |
| | **कुल योग** | 100 | 400 | |

**पाठ्यक्रम**

**विवेचना एवं तार्किक योग्यता:-**

- **तार्किक और विश्लेषणात्मक योग्यताएँ:** कथन और परिकल्पनाएँ, कथन और तर्क, कथन और निष्कर्ष, कथन और कार्यवाही, संख्या शृंखला, अक्षर शृंखला, बे-मेल ढूँढ़ना, कोडिंग-डिकोडिंग संख्या, और उनके उप विभाजन से संबंधित समस्याएँ इत्यादि।

**प्रमुख सम-सामयिक घटनाएँ:-**

- खेल, राजनीतिक, अर्थव्यवस्था, सामाजिक, भौगोलिक, सांस्कृतिक, पारिस्थितिकी संबंधी एवं तकनीकी क्षेत्र से संबंधी मुद्दे इत्यादि। राज्य एवं राष्ट्रीय मुद्दे, प्रसिद्ध व्यक्तित्व, राज्य, राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं नीति इत्यादि।

**सामान्य विज्ञान:-**

- भौतिक एवं रासायनिक परिवर्तन, धातु, अधातु एवं प्रमुख यौगिक, प्रकाश का परावर्तन एवं नियम, आनुवांशिकी से संबंधित सामान्य शब्दावली, मानव शरीर: संरचना, अंग तंत्र, प्रमुख मानव रोग, कारक एवं निदान, अपशिष्ट प्रबंधन।

**आपदा प्रबंधन एवं जलवायु परिवर्तन:-**

- आपदा प्रबंधन: परिचय, वर्गीकरण (प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाएँ), आपदा प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन के लिए काम करने वाली राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की भूमिका और कार्यात्मक रूपरेखा। आपदा प्रबंधन रणनीतियों और उपाय- आपदा प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय नीति और योजना। पर्यावरण पर मानवीय प्रभाव वनों की कटाई, प्रदूषण, संसाधनों का अतिदोहन, पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव और जैव विविधता संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण।

**भारतीय संविधान एवं राजस्थान राज्य के विशेष संदर्भ में राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था:-**

- संविधान का परिचय एवं आधारभूत लक्षण, सूचना का अधिकार अधिनियम इत्यादि। राज्य शासन एवं राजनीति: राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल, विधानसभा तथा न्यायपालिका, राज्य का प्रशासनिक ढाँचा: मुख्य सचिव, जिला प्रशासन (सामान्य प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन), जिला स्तर पर न्यायिक ढाँचा।

**राजस्थान का इतिहास, कला एवं संस्कृति:-**

- ऐतिहासिक घटनाएँ, स्वतंत्रता आंदोलन, एकीकरण, महत्त्वपूर्ण व्यक्तित्व, भाषा एवं साहित्य, संस्कृति एवं सामाजिक जीवन, वेशभूषा, वाद्य यंत्र, लोक देवता, लोक साहित्य, बोलियाँ, मेले और त्यौहार, आभूषण, लोक कलाएँ, वास्तुकला, लोक संगीत, नृत्य, रंगमंच, पर्यटन स्थल व स्मारक, ऐतिहासिक व सांस्कृतिक दृष्टि से राजस्थान की हस्तियाँ इत्यादि।

**भूगोल:-**

- **राजस्थान:-** स्थिति, विस्तार, भौतिक स्वरूप एवं भौतिक विभाजन, मृदा, प्राकृतिक वनस्पतियाँ व वन संरक्षण जलवायु जल संसाधन, अपवाह तंत्र एवं झीलें, प्रमुख सिंचाई परियोजनाएँ, जनसंख्या: आकार, वृद्धि, वितरण, घनत्व, लिंगानुपात एवं साक्षरता, राजस्थान का परिवहन व राज्यमार्ग इत्यादि।

**अर्थशास्त्र- राजस्थान:-**

- ग्रामीण विकास, राज्य के विकास में उद्योग, कृषि, पशुपालन एवं खनिज क्षेत्र की भूमिका, राज्य की अर्थव्यवस्था- विशेषताएँ और समस्याएँ, राज्य की आय, बजट की अवधारणा, राज्य की अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियाँ इत्यादि।



Bookbaazi.in

# कथन और परिकल्पनाएँ
## (STATEMENT AND ASSUMPTIONS)

**पूर्वानुमान या मान्यता या पूर्वधारणा** का अर्थ ऐसे तथ्यों से है, जो पूर्णतः स्पष्ट रूप में नहीं होते हैं, फिर भी इनका आशय समझा जा सकता है। अप्रत्यक्ष रूप से अनुमानित वह अवधारणा, जो किसी कथन में छुपे हुए यथार्थ को निरूपित करती है, पूर्वानुमान या मान्यता या पूर्वधारणा कहलाती है। प्रश्न में एक कथन दिया गया होता है तथा इसके बाद दो या तीन पूर्वधारणाएँ दी गई होती हैं। दिये गये कथन पर विचार करते हुए यह ज्ञात करना होता है कि दी गई मान्यताओं में से कौनसी मान्यता दिये गये कथन में छिपी हुई है। वक्तव्य, विज्ञापन, आधिकारिक सूचना, अपील, कथन के ही भिन्न रूप हैं।

- **विज्ञापन:** ये आम जनता को आकर्षित करने के लिए, उत्पाद की विशेषताएँ एवं गुण बताने के लिए जारी किये जाते हैं।
- **सूचना:** यह किसी कार्यालय में जारी की जाती है, जिसमें सम्बन्धित व्यक्तियों के लिए कुछ सूचनाओं का उल्लेख होता है।
- **अपील:** यह सरकार, स्वैच्छिक संगठन या एजेन्सियों द्वारा जारी की जाती है। यह सहायता अथवा सहानुभूति हेतु तत्काल अनुरोध करने के लिए होती है। यह कोई प्रत्यक्ष सुझाव भी हो सकता है।

■ **मान्य पूर्वानुमानों/पूर्वधारणाओं/मान्यताओं की पहचान के लक्षण:**

- किसी भी पूर्वधारणा में कथन का यथार्थ भाव छुपा होना चाहिए।
- मान्यता एवं कथन एक-दूसरे के लिये सार्थक होने चाहिए।
- मान्यता में अन्तर्निहित बात सरल होनी चाहिए।
- कथन एवं मान्यता के बीच कारण (Reason) पूर्णरूप से स्थापित होना चाहिए।
- मान्यता सामान्य होनी चाहिए।
- कुछ विशेष जोर देने वाले शब्द **जैसे** संभव, सकना, सामान्यतः केवल, सभी, निश्चित तौर पर, सर्वश्रेष्ठ और प्रबलतम आदि मान्यता में लगे होते हैं, जिससे वाक्य का सामान्य अर्थ बदल जाता है। ये आमतौर पर मान्य होते हैं।
- यदि कोई मान्यता विज्ञापन से संबंधित हो, जो सामान्यतः लोगों को आकर्षित करने के लिए विशेषताएँ या गुण बताने के लिये जारी किये जाते हैं, तो वह मान्य होगी।
- सामान्यतः आम जनता द्वारा सरकारी निर्देशों को माने जाने की आशा की जाती है, ऐसे वाक्य मान्यता के रूप में मान्य होते हैं।
- यदि कोई मान्यता जनहित के लिए किये गये अनुरोध पर आधारित हो, तो वह वैध मानी जायेगी।
- कोई भी मान्यता सुधार, परामर्श, सलाह लाभदायक प्रभाव या परिणाम को प्रदर्शित करती है, तो मान्य होगी।
- एक कथन से अधिक मान्यताएँ निकाली जा सकती है।
- यदि कोई मान्यता कथन के अंदर का ही कोई तथ्य हो और वह अनुमानित हो तो वह वैध मानी जायेगी।
- यदि कथन के पक्ष में कोई बात बोली जा रही है और सकारात्मक पक्ष की बात हो तो वह पूर्वधारणा सही मानी जाएगी।

■ **अमान्य पूर्वानुमानों/पूर्वधारणाओं की पहचान के लक्षण-**

- मान्यता में कथन से बाहर की बात नहीं होनी चाहिए।
- मान्यता में कथन की पुनरावृत्ति (Repetation) नहीं होनी चाहिए।
- कोई भी मान्यता कथन के आधार पर निकाला गया निष्कर्ष नहीं होनी चाहिए।
- कोई भी मान्यता कथन से अधिक व्यापक नहीं होनी चाहिए।
- मान्यता कथन के बीच पूर्णरूपेण व्याप्त होनी चाहिए। प्रश्नवाचक या उत्तर सूचक शब्द **जैसे**- प्रत्येक, सभी, क्या, क्यों, इसलिये आदि मान्यता वाले वाक्य से जुड़े हों तो वे मान्य नहीं होंगे।
- मान्यता में भूत या भविष्य की बात नहीं की जानी चाहिए।
- जो मान्यता कथन के बिल्कुल विपरीत हो, उन्हें पहली नजर में अस्वीकार किया जा सकता है।
- तुलना करने पर अधिकांशतः पूर्वधारणा गलत मानी जाती है।
- यदि पूर्वधारणा में 'केवल' शब्द लगा हुआ हो तो पूर्वधारणा गलत मानी जाती है।
- यदि पूर्वधारणा में 'सर्वोत्तम/सबसे अच्छा' शब्द आ जाए तो पूर्वधारणा गलत मानी जाती है।
- यदि पूर्वधारणा में 'निश्चित' शब्द आ जाए तो अधिकांशतः पूर्वधारणा अमान्य होगी।

## अभ्यास प्रश्न

1. दिए गए कथन पर विचार करें और निर्णय लें कि दी गई धारणाओं में से कौन-सी धारणा/धारणाएँ कथन में निहित हैं।
**कथन:** अगर आप 'स्पोकन इंग्लिश' किताब पढ़ते हैं, तो आपकी अंग्रेजी बोलने की क्षमताओं में सुधार होता है।
**धारणाएँ:**
(i) 'स्पोकन इंग्लिश' किताब अंग्रेजी बोलने की क्षमताओं में सुधार कर सकती है।
(ii) बातचीत के दौरान अंग्रेजी बोलने का एक नियमित अभ्यास अंग्रेजी बोलने की क्षमताओं में सुधार कर सकता है।
(1) केवल धारणा (i) निहित है। (2) केवल धारणा (ii) निहित है।
(3) दोनों धारणाएँ निहित हैं।
(4) न तो धारणा (i) और न ही धारणा (ii) निहित है।

2. यहाँ एक कथन के पश्चात् तीन मान्यताएँ (i), (ii) तथा (iii) दी गई हैं। आपको कथन एवं पश्चात्वर्ती मान्यताओं पर विचार करना है तथा ज्ञात करना है कि कौनसी मान्यता/मान्यताएँ कथन में अंतर्निहित है/हैं तथा उसी के अनुरूप आपको अपना उत्तर चुनना है।
**कथन:**
विश्व में सर्वव्यापी महामारी की स्थिति अभी भी अत्यन्त खराब बनी हुई है तथा नियंत्रण के बाहर है। लोगों को स्वयं के घरों में रहने का निवेदन किया गया है।
**मान्यताएँ:** (i) वहाँ कुछ गंभीर चूकें (खामियाँ) हुई हैं।
(ii) व्यक्ति अपने कार्यालयों में नहीं जाएँगे।
(iii) जल्दी ही सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी।
(1) केवल (i) अंतर्निहित है। (2) केवल (i) तथा (iii) अंतर्निहित हैं।
(3) केवल (i) तथा (ii) अंतर्निहित हैं।
(4) कोई भी अंतर्निहित नहीं है।

3. दिए गए कथन एवं संबंधित अवधारणाओं I व II को पढ़कर उत्तर दीजिए-
**कथन :** ''कृपया यह पत्र, पत्र पेटी में डालिए।'' एक अधिकारी ने अपने सहायक को कहा।
**अवधारणाएँ :**
I. सहायक जानता है कि पत्र कहाँ पर डालना है।
II. सहायक अपने अधिकारी के निर्देश का अनुसरण करता है।
(1) केवल अवधारणा I निहित है। (2) केवल अवधारणा II निहित है।
(3) न तो अवधारणा I, न ही II निहित है।
(4) दोनों अवधारणाएँ I व II निहित हैं।

4. दिए गए कथन पर विचार करें और निर्णय लें कि दी गई धारणाओं में से कौन-सी धारणा/धारणाएँ कथन में निहित है/हैं।
**कथन:** राधिका में इतनी समझ है कि XYZ उत्पाद का बहिष्कार कर देगी।
**धारणाएँ:**
(i) XYZ उत्पाद लोकप्रिय नहीं है।
(ii) XYZ उत्पाद का बहिष्कार करना बुद्धिमानी की निशानी है।
(1) केवल धारणा (i) निहित है। (2) केवल धारणा (ii) निहित है।
(3) दोनों धारणाएँ निहित हैं। (4) न तो धारणा (i) और न ही धारणा (ii) निहित है।



Bookbaazi.in

5. दिए गए कथन पर विचार करें और निर्णय लें कि दी गई धारणाओं में से कौनसी धारणा/धारणाएँ कथन में निहित है/हैं।
**कथन:** एक पिता ने अपने पुत्र से कहा, "विदेश में नौकरी करने का निर्णय लेने से पहले एक बार मुझसे परामर्श कर लेना"।
**धारणाएँ:**
I. पिता चाहते हैं कि उनका पुत्र विदेश जाए।
II. अगर पुत्र अपने पिता से सलाह नहीं लेता है तो वह गलत फैसला कर सकता है।
(1) केवल धारणा I निहित है। (2) केवल धारणा II निहित है।
(3) धारणा I और II दोनों ही निहित हैं।
(4) धारणा I और II दोनों ही निहित नहीं हैं।

6. **कथन:** "इलाके में बाढ़ से प्रभावित बहुत से लोग राहत शिविर में भोजन, पानी और आश्रय के लिए इकट्ठे हो गये।
**अवधारणाएँ:**
a. बाढ़ प्रभावित लोगों को भोजन और पानी उपलब्ध कराने हेतु राहत शिविर में पर्याप्त सामग्री है।
b. वे लोग जिनके घर पानी में पूर्णरूप से डूबे हैं, उनको राहत शिविरों में अस्थायी आश्रय दिया जायेगा।
c. अभी बाढ़ से प्रभावित बहुत सारे लोग ऐसे हैं, जो राहत शिविरों में नहीं पहुँच सके।
तब कौनसा/कौनसी अवधारणाएँ कथन में अन्तर्निहित हैं?
(1) सभी अन्तर्निहित हैं। (2) केवल a और b अन्तर्निहित हैं।
(3) केवल a और c अन्तर्निहित हैं।
(4) कोई भी अन्तर्निहित नहीं है।

7. **कथन:** युद्ध का जोरदार विरोध करना अनिवार्य है, यद्यपि हो सकता है कि इसके शिकार व्यक्ति, शान्तिप्रिय लोगों के लिए क्षतिकारी रहे हों।
**पूर्वानुमान:**
I. युद्ध में निर्दोष लोग भी मारे जाते हैं।
II. युद्ध के जोरदार विरोध का कुछ वांछित असर हो सकता है।
(1) यदि केवल पूर्वानुमान I अंतर्निहित हो।
(2) यदि केवल पूर्वानुमान II अंतर्निहित हो।
(3) यदि न तो पूर्वानुमान I और न ही पूर्वानुमान II अंतर्निहित हो।
(4) यदि पूर्वानुमान I और II दोनों अंतर्निहित हों।

8. यहाँ एक कथन के पश्चात् तीन पूर्वधारणाएँ I, II तथा III दी गई हैं। आपको कथन तथा पश्चात्वर्ती पूर्वधारणाओं को ध्यान में रखते हुए निर्णय करना है कि कौनसी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएँ कथन में समाहित है/हैं तथा उसी के अनुरूप अपना उत्तर चुनिए।
**कथन:** "चलती हुई रेलगाड़ी में बाहर की ओर न झुकें।" रेलवे के डिब्बे में एक चेतावनी।
**पूर्वानुमान:**
(I) चलती रेलगाड़ी से बाहर की ओर झुकना खतरनाक है।
(II) इस तरह की चेतावनी का प्रभाव होता है।
(III) रेलवे के अधिकारियों का यह दायित्व है कि यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान रखा जाए।
(1) केवल पूर्वानुमान I और II अन्तर्निहित हैं।
(2) केवल पूर्वानुमान I और III अन्तर्निहित हैं।
(3) I, II और III सभी पूर्वानुमान अन्तर्निहित हैं।
(4) केवल पूर्वानुमान II और III अन्तर्निहित हैं।

9. यहाँ एक कथन के पश्चात् तीन पूर्वधारणाएँ I, II तथा III दी गई हैं। आपको कथन तथा पश्चात्वर्ती पूर्वधारणाओं को ध्यान में रखते हुए निर्णय करना है कि कौनसी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएँ कथन में समाहित है/हैं तथा उसी के अनुरूप अपना उत्तर चुनिए।
**कथन :** वैदिक गणित की पुस्तक इस प्रकार बनाई गई है कि यहाँ तक कि एक साधारण व्यक्ति भी अध्यापक की अनुपस्थिति में इसका अध्ययन कर सकता है।
**पूर्वधारणाएँ:**
I. एक साधारण व्यक्ति की इच्छा है कि अध्यापक के बिना भी वह वैदिक गणित का अध्ययन कर सके।
II. वैदिक गणित के अध्यापन के लिए सदैव एक अध्यापक उपलब्ध नहीं हो सकता।
III. एक साधारण व्यक्ति साधारणत: यह पाता है कि स्वयमेव वैदिक गणित को सीखना कठिन है।
(1) केवल पूर्वधारणाएँ I एवं II ही कथन में समाहित हैं।
(2) केवल पूर्वधारणाएँ II एवं III ही कथन में समाहित हैं।
(3) केवल पूर्वधारणाएँ I एवं III ही कथन में समाहित हैं।
(4) सभी पूर्वधारणाएँ कथन में समाहित हैं।

10. दिये गये कथन और उसके नीचे दी गई पूर्वधारणाओं पर विचार करके तय कीजिए कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित है।
**कथन:** वेतन संशोधन के निर्णय को अगले वर्ष तक स्थगित करने के सरकार के निर्णय के खिलाफ सभी डिग्री कॉलेजों के अध्यापक अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए।
**पूर्वधारणाएँ:**
I. सरकार सभी हड़ताली अध्यापकों को निलंबित कर सकती है।
II. सरकार अध्यापकों के वेतन को चालू वर्ष में संशोधित कर सकती है।
(1) केवल पूर्वधारणा (I) अन्तर्निहित है।
(2) केवल पूर्वधारणा (II) अन्तर्निहित है।
(3) या तो पूर्वधारणा (I) या पूर्वधारणा (II) अन्तर्निहित है।
(4) पूर्वधारणाएँ (I) और (II) दोनों अन्तर्निहित हैं।

11. एक कथन के आगे दो पूर्वानुमान I तथा II दिये गए हैं। कथन पर विचार करें तथा तय कीजिए कि कौनसा पूर्वानुमान निहित है।
**कथन:** हमें खादी वस्त्रों का उपयोग करना चाहिए।
**पूर्वानुमान:**
I. खादी वस्त्र स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं हैं।
II. खादी वस्त्र अन्य वस्त्रों से सस्ते हैं।
(1) केवल पूर्वानुमान I निहित है।
(2) केवल पूर्वानुमान II निहित है।
(3) पूर्वानुमान I तथा II दोनों निहित हैं।
(4) न ही पूर्वानुमान I एवं न ही II निहित है।

12. **कथन:** कोई भी व्यक्ति भविष्यवाणी नहीं कर सकता कि दुर्भाग्यपूर्ण और विनाशकारी आतंकवादी गतिविधियों पर काबू पाने में हमारे देश को कितना समय लगेगा।
**पूर्वानुमान:**
I. आतंकवादी गतिविधियों को खत्म कर पाना असम्भव है।
II. आतंकवादी गतिविधियों पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है।
(1) यदि केवल पूर्वानुमान I अंतर्निहित हो।
(2) यदि केवल पूर्वानुमान II अंतर्निहित हो।
(3) यदि न तो पूर्वानुमान I और न ही पूर्वानुमान II अंतर्निहित हो।
(4) यदि पूर्वानुमान I और II दोनों अंतर्निहित हों।

13. दिए गए कथन पर विचार करें और निर्णय लें कि दी गई धारणाओं में से कौन-सी धारणा/धारणाएँ कथन में निहित है/हैं।
**कथन:** वर्तमान राज्य सरकार अगर आगामी राज्य चुनावों में जीत दर्ज करना चाहती है, तो उसे राज्य में सड़कों का निर्माण करवाना चाहिए।
**धारणाएँ:**
(i) राज्य के अधिकांश लोग चाहते हैं कि उनकी सरकार उनके राज्य में सड़कों का निर्माण करे।
(ii) राज्य के अधिकांश लोग वर्तमान सरकार को केवल तभी वोट देंगे जब वह सड़कों का निर्माण करेगी
(1) केवल धारणा (i) निहित है। (2) केवल धारणा (ii) निहित है।
(3) दोनों धारणाएँ निहित हैं।
(4) न तो धारणा (i) और न ही धारणा (ii) निहित है।




Bookbazi.in

14. मैं उन दुकानों पर खरीदारी करना पसंद करता हूँ, जिनमें अधिक ऑफर और छूट मिलती है, इसलिए मैं जीमार्ट पर अधिक और ब्लिस बाजार में कम खरीदारी करना चुनता हूँ। इस कथन से पहचान करें कि नीचे दी गई धारणाओं में से कौन-सा अनुमान अंतर्निहित है?
(1) जीमार्ट और ब्लिस बाजार दोनों में अधिक ऑफर और छूट दी जाती है।
(2) ब्लिस बाजार में कोई ऑफर और छूट नहीं है।
(3) जीमार्ट में ब्लिस बाजार की तुलना में अधिक ऑफर और छूट है।
(4) ब्लिस बाजार में, जीमार्ट की तुलना में अधिक ऑफर और छूट है

15. मधुमेह होने के कारण डॉक्टर ने मुझे कम चीनी का उपयोग करने की सलाह दी है। इसलिए मैं कम आइसक्रीम खा रहा हूँ। इस कथन से पहचान करें कि नीचे दी गई धारणाओं में से कौनसा अनुमान अंतर्निहित है?
(1) आइसक्रीम में कम चीनी होती है और आइसक्रीम खाने से मधुमेह के प्रभाव को कम करने में मदद मिलती है।
(2) आइसक्रीम खाने से शरीर में चीनी का स्तर कम हो जाता है, जो मधुमेह को बढ़ाता है।
(3) आइसक्रीम में चीनी होती है, इसलिए कम आइसक्रीम उपभोग करने से चीनी का सेवन कम होता है।
(4) आइसक्रीम मधुमेह के लिए एक निवारक उपाय है, इसलिए कम मात्रा में आइसक्रीम का उपभोग करना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।

## उत्तरमाला

1. (1) केवल धारणा (i) निहित है क्योंकि धारणा (i) कथन से संबंधित बोली जा रही है कि स्पोकन इंग्लिश किताब अंग्रेजी बोलने की क्षमताओं में सुधार कर सकती है, लेकिन धारणा (ii) निहित नहीं है क्योंकि बातचीत के दौरान अंग्रेजी बोलने का एक नियमित अभ्यास अंग्रेजी बोलने की क्षमताओं में सुधार कर सकता है क्योंकि कथन में ऐसा कुछ भी नहीं कहा गया है कि नियमित अभ्यास से अंग्रेजी बोलने की क्षमता में सुधार होगा। इसलिए यह बात कथन से भिन्न बोली जा रही है।

2. (3) केवल मान्यता (i) तथा (ii) अंतर्निहित हैं क्योंकि कथन के आधार पर यह बात सही है कि वहाँ कुछ गंभीर चूकें (खामियाँ) हुई हैं और यह बात भी सही है कि महामारी की स्थिति अत्यन्त खराब बनी हुई है इसलिए व्यक्ति अपने कार्यालयों में नहीं जाएँगे।

3. (4) कथन के आधार पर दोनों अवधारणाएँ निहित हैं कि सहायक जानता है कि पत्र कहाँ पर डालना है। इसलिए तो अधिकारी ने अपने सहायक को कहा और यह बात भी सही है कि सहायक अपने अधिकारी के निर्देश का अनुसरण करता है। इसीलिए तो अधिकारी ने अपने सहायक को पत्र, पत्र पेटी में डालने को कहा।

4. (2) कथन के आधार पर केवल धारणा (ii) निहित है कि राधिका XYZ उत्पाद का बहिष्कार कर देगी क्योंकि उत्पाद में कुछ ना कुछ कमी होगी और XYZ उत्पाद का बहिष्कार करना बुद्धिमानी की निशानी है लेकिन ऐसा नहीं है कि XYZ उत्पाद लोकप्रिय नहीं है। इसलिए बहिष्कार कर देगी। हो सकता है उत्पाद में कुछ और कमी पाई गई हो इस कारण राधिका बहिष्कार कर रही हो इसलिए धारणा (i) निहित नहीं है।

5. (2) केवल धारणा II निहित है। क्योंकि व्यक्तिगत विचारधारा के अनुसार यह धारणा सही है कि अगर पुत्र अपने पिता से सलाह नहीं लेता है तो वह गलत फैसला कर सकता है इसीलिए तो पिता विदेश में जाने से पहले परामर्श करने के लिए बोल रहे हैं। लेकिन धारणा I निहित नहीं है, क्योंकि व्यक्तिगत विचारधारा के अनुसार ऐसा सही नहीं है कि पिता यह चाहते हैं कि उनका पुत्र विदेश जाए।

6. (2) केवल अवधारणा (a) तथा (b) कथन में अन्तर्निहित हैं।

7. (4) कथन के संबंध में दोनों पूर्वानुमान बोले जा रहे हैं कि युद्ध में निर्दोष लोग भी मारे जाते हैं तथा युद्ध के जोरदार विरोध का कुछ वांछित असर हो सकता है। अतः दोनों पूर्वानुमान अंतर्निहित हैं।

8. (3) **पूर्वानुमानः**
I. चलती रेलगाड़ी से बाहर की ओर झुकना खतरनाक है (सत्य है) क्योंकि ऐसा करना दुर्घटना का कारण बन सकता है।
II. इस तरह की चेतावनी का प्रभाव होता है (सत्य है) क्योंकि ऐसी चेतावनियों को लोग जरूर पढ़ते हैं तथा उन पर गौर भी करते हैं।
III. रेलवे के अधिकारियों का यह दायित्व है कि यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान रखा जाए (सत्य है) क्योंकि यात्रियों की सुरक्षा सबसे जरूरी है।
अतः दिये गये कथन के अनुसार I, II तथा III सभी पूर्वानुमान अन्तर्निहित हैं।

9. (2)
I. एक साधारण व्यक्ति की इच्छा है कि अध्यापक के बिना भी वह वैदिक गणित का अध्ययन कर सके, यह असत्य है क्योंकि साधारण व्यक्ति की यह इच्छा नहीं हो सकती।
II. वैदिक गणित के अध्यापन के लिए सदैव एक अध्यापक उपलब्ध नहीं हो सकता, यह सत्य है क्योंकि यह बात जरूरी नहीं है कि सदैव अध्यापक उपलब्ध ही हो।
III. एक साधारण व्यक्ति साधारणतः यह पाता है कि स्वमेव वैदिक गणित को सीखना कठिन है, यह सत्य है क्योंकि साधारण व्यक्ति को वैदिक गणित सीखने हेतु अध्यापक की आवश्यकता होती है, उसके लिए स्वमेव वैदिक गणित का सीखना कठिन होता है।
अतः केवल पूर्वधारणाएँ II एवं III ही कथन में समाहित हैं।

10. (2) कथन के आधार पर पूर्वधारणा I सही नहीं है क्योंकि व्यक्तिगत विचारधारा के अनुसार ऐसा नहीं है कि सरकार सभी हड़ताली अध्यापकों को निलंबित कर सकती है। लेकिन पूर्वधारणा II सही है क्योंकि सरकार स्थिति को देखते हुए अध्यापकों के वेतन को चालू वर्ष में संशोधित कर सकती है और पूर्वधारणा II कथन के पक्ष में बोली जा रही है। अतः केवल पूर्वधारणा II अन्तर्निहित है।

11. (1) केवल पूर्वानुमान I निहित है क्योंकि व्यक्तिगत विचारधारा के अनुसार ये बात सही है कि खादी वस्त्र स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं हैं। इसलिए हमें खादी वस्त्रों का उपयोग करना चाहिए। लेकिन पूर्वानुमान II निहित नहीं है क्योंकि खादी वस्त्र अन्य वस्त्रों से सस्ते हैं ऐसा नहीं है, हो सकता है कि खादी वस्त्र अन्य वस्त्रों से महँगे हों।

12. (2) केवल पूर्वानुमान II अंतर्निहित है क्योंकि आतंकवादी गतिविधियों पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। ये बात सही है लेकिन आतंकवादी गतिविधियों को खत्म कर पाना असम्भव है। ऐसा कथन में कहीं भी नहीं बोला जा रहा। इसलिए पूर्वानुमान I अंतर्निहित नहीं है।

13. (3) अतः कथन के आधार पर दोनों धारणाएँ निहित हैं। क्योंकि दोनों धारणाएँ कथन से संबंधित बोली जा रही हैं और व्यक्तिगत विचारधारा के अनुसार भी ये बातें सही हैं कि राज्य के अधिकांश लोग चाहते हैं कि उनकी सरकार उनके राज्य में सड़कों का निर्माण करे क्योंकि सरकार का काम ही यही होता है कि जनता के क्षेत्र में अच्छा काम करवाये तथा राज्य के अधिकांश लोग वर्तमान सरकार को केवल तभी वोट देंगे जब वह सड़कों का निर्माण करेगी। क्योंकि अगर सरकार जनता का काम नहीं करेगी तो जनता वोट देने से पीछे हटेगी।

14. (3) दिए गए कथन से स्पष्ट है कि, जीमार्ट में ब्लिस बाजार की तुलना में अधिक ऑफर और छूट है। अतः विकल्प (3) वाला अनुमान अंतर्निहित है।

15. (3) मधुमेह होने के कारण डॉक्टर ने सलाह दी है कि चीनी उपभोग कम करें। चूँकि आइसक्रीम में चीनी होती है, इसलिए कम आइसक्रीम उपभोग से चीनी का सेवन कम हो जाता है। अतः दिए गए कथन से विकल्प (3) की अवधारणा स्पष्ट होती है।

ज्ञान अनन्त™

Bookbaazi.in

# कथन और तर्क
## (STATEMENT AND ARGUMENT)

किसी कथन के पक्ष या विपक्ष में व्यक्त किये गये विचार को तर्क (Argument) कहा जाता है। ऐसे प्रश्नों में एक कथन एवं दो तर्क दिये गये होते हैं। कथन एवं दोनों तर्क पर विचार करते हुए यह निर्णय करना होता है कि दिये गये कथन के आधार पर दोनों तर्कों में से कौनसा तर्क प्रबल है एवं कौनसा निर्बल।

**प्रबल तर्क के लक्षण-**

- यह कथन से सीधा सम्बन्धित होता है, कथन के मन्तव्य को सटीक रूप से बताता है।
- इसका अर्थ स्पष्ट होता है।
- इसमें कथन का तार्किक जवाब मिलना चाहिए।
- इसमें कथन के प्रश्न जैसे क्यों, कब, कैसे, क्या आदि का उत्तर मिलना चाहिए, यह एक विचार मात्र नहीं होना चाहिए।
- यह तर्क वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित होना चाहिए।
- यह सलाह एवं निदान से सम्बन्धित होता है।
- यह सत्य, नीति तथा आदर्शों की प्रचलित धारणाओं पर आधारित होना चाहिए।
- यह सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक एवं कानूनी विचारों के अनुरूप होना चाहिए।
- यह जनहित एवं देश-हित में दिया हुआ होना चाहिए।
- तर्क की जाँच, तर्क के रूप में ही करनी चाहिए। किसी व्यक्ति, देश या समाचार पत्र द्वारा की गई तुलना नहीं होनी चाहिए।
- तर्क प्रयोग की गई भाषा पर भी निर्भर करता है क्योंकि कुछ शब्द बदलकर कमजोर तर्क को प्रबल बनाया जा सकता है।

**निर्बल तर्क के लक्षण-**

- ये व्यक्तिगत राय पर आधारित होते हैं। ऐसे तर्क जो किसी व्यक्ति के मन्तव्य मात्र हों, चाहे वह व्यक्ति कितना ही महान् या श्रेष्ठ क्यों न हो, निर्बल तर्क कहलाते हैं।
- ये कथन से सीधे सम्बन्धित न होकर अस्पष्ट एवं तथ्यहीन होते हैं। इनमें तथ्यों का अभाव होता है या तथ्यात्मक रूप से अशुद्ध होते हैं।
- ये प्रश्नवाचक या तुलनात्मक होते हैं।
- इनमें कथन की पुनरावृत्ति (Repetition) होती है।
- ये किसी दूसरे की नकल या द्विअर्थी होते हैं।
- ये कथन का मात्र तात्पर्य दर्शाते हैं।
- ये प्रश्न के विपरीत होते हैं जिनमें वजन (प्रभाव) का अभाव होता है।
- इनमें प्रायः, एकमात्र, केवल, सिर्फ आदि शब्दों का प्रयोग होता है।
- ये महज धारणाओं या कल्पनाओं एवं पूर्वानुमान पर आधारित होते हैं।
- ये सामाजिक मान्यताओं एवं सुस्थापित तथ्यों पर आधारित होते हैं।
- ऐसे तर्क कथन के समर्थन में किसी घटना या उदाहरण पर आधारित होते हैं, जिन्हें सामान्यीकृत (Generalised) नहीं किया जा सकता।
- ये सूचनाओं पर गहराई से प्रकाश डाले बिना केवल विषयवस्तु पर नजर डालते हैं, जो कथन के गैर महत्त्वपूर्ण पहलुओं से सम्बन्धित होते हैं।

## अभ्यास प्रश्न

1. **कथन :** सरकार को सीमाओं पर कार्य करने वाले सैनिकों को 'दुर्गम क्षेत्र भत्ता' देना चाहिए।

**तर्क :**

1. हाँ, यह देश के लिए अत्यधिक कठिन काम करने वाले सैनिकों की कर्तव्यनिष्ठा में बढ़ोत्तरी करेगा।
2. नहीं, यह सार्वजनिक धन का अपव्यय है।

(1) केवल तर्क (1) सशक्त है।
(2) केवल तर्क (2) सशक्त है।
(3) न तो तर्क (1) और न ही तर्क (2) सशक्त है।
(4) तर्क (1) और (2) दोनों ही सशक्त हैं।

2. नीचे एक प्रश्न और उसके बाद दो तर्क दिए गए हैं। निर्धारित करें कि प्रश्न के संदर्भ में कौनसा/कौनसे तर्क मजबूत है/हैं?

**प्रश्नः** क्या लैपटॉप डेस्कटॉप से बेहतर होते हैं?

**तर्कः**

I. हाँ, उन्हें कहीं भी ले जाया जा सकता है।
II. नहीं, वे निम्न विन्यास (कॉन्फिगरेशन) के हैं।

(1) केवल तर्क I मजबूत है।
(2) केवल तर्क II मजबूत है।
(3) तर्क I और तर्क II दोनों ही मजबूत हैं।
(4) तर्क I और II दोनों ही मजबूत नहीं हैं।

3. नीचे एक प्रश्न और उसके बाद दो तर्क दिए गए हैं। निर्धारित करें कि प्रश्न के संदर्भ में कौन सा/कौन से तर्क मजबूत है/हैं?

**प्रश्नः**

क्या स्कूलों में एक विषय के रूप में इतिहास की पढ़ाई करवायी जानी चाहिए?

**तर्कः**

I. हाँ, इतिहास का अध्ययन करने से बच्चों को सामाजिक विकास और परिवर्तन को समझने में मदद मिलती है।
II. नहीं, अध्ययन के लिए इतिहास के अलावा और भी कई महत्त्वपूर्ण विषय हैं।

(1) केवल तर्क I मजबूत है।
(2) केवल तर्क II मजबूत है।
(3) I और II दोनों तर्क मजबूत हैं।
(4) न तो तर्क I और न ही तर्क II मजबूत है।

4. नीचे एक प्रश्न और उसके बाद दो तर्क दिए गए हैं। निर्धारित करें कि प्रश्न के संदर्भ में कौन सा/कौन से तर्क मज़बूत है/हैं?

**प्रश्नः**

क्या बच्चों को स्कूल में गृहकार्य दिया जाना चाहिए?

**तर्कः**

I. हाँ, इससे यह सुनिश्चित होगा कि वे स्कूल के बाद भी कुछ समय पढ़ाई करें।
II. नहीं, बच्चों को स्कूल में गृहकार्य दिए जाने का कोई लाभ नहीं होता है।

(1) केवल तर्क I मजबूत है।
(2) केवल तर्क II मजबूत है।
(3) I और II दोनों तर्क मजबूत हैं।
(4) न तो तर्क I और न ही तर्क II मजबूत है।



Bookbaazi.in

5. यहाँ एक कथन के पश्चात् तर्क दिए गए हैं, उन्हें ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उनके अनुसार उत्तर दीजिए कि कौनसा/कौनसे तर्क मजबूत है/हैं?

**कथन :**

क्या भारत को नवीनतम नाभिकीय हथियारों को प्राप्त/विनिर्माण करना चाहिए?

**तर्क :**

(i) हाँ, भारत के दुश्मन नियमित रूप से अपने हथियारों को उन्नत कर रहे हैं तथा देश की संप्रभुता एवं अखंडता की रक्षा के लिए यह अनिवार्य हो गया है।

(ii) नहीं, इसके बजाय धन को विकास की गतिविधियों की तरफ मोड़ना चाहिए।

(iii) नहीं, यह विश्व शांति को बनाए रखने की हमारी नीति के विरुद्ध होगा।

(1) केवल तर्क (i) मजबूत है।
(2) केवल तर्क (i) तथा (ii) मजबूत हैं।
(3) केवल तर्क (i) तथा (iii) मजबूत हैं।
(4) सभी तर्क मजबूत हैं।

6. नीचे दिये गए प्रश्न में एक कथन तथा उसके नीचे दो तर्क I और II दिये गए हैं। कौनसा उत्तर सही है?

**कथन:** क्या प्रतिष्ठित लोग जो कि अज्ञानवश अपराध कर देते हैं, के साथ विशेष व्यवहार किया जाना चाहिए?

**तर्क:**

I : हाँ, प्रतिष्ठित लोग जान-बूझकर अपराध नहीं करते हैं।

II: नहीं, यह हमारी नीतिज्ञता है कि कानून के समक्ष सभी समान हैं।

(1) केवल तर्क I प्रबल है।
(2) केवल तर्क II प्रबल है।
(3) या तो तर्क I या तर्क II प्रबल है।
(4) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।

7. निम्न प्रश्न में एक कथन के पश्चात् तीन तर्क I, II व III दिये गए हैं। आपको तय करना है कि कौनसा/से तर्क मजबूत है/हैं और कौनसा/से तर्क कमजोर है/हैं? इस आधार पर दिये गए विकल्पों में से उत्तर का चयन करना है।

**कथन:** क्या देश के सभी विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों में सभी विषयों के लिये एकसमान पाठ्यक्रम होना चाहिए?

**तर्क:**

I. हाँ, यह देश के शिक्षा तन्त्र में एकरूपता लाने का एकमात्र तरीका है।

II. हाँ, यह देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा दिए जा रहे स्नातक प्रमाणपत्रों की गुणवत्ता को मानकीकृत करने में सहायक होगा।

III. नहीं, प्रत्येक विश्वविद्यालय को अपनी विशिष्ट आवश्यकता के आधार पर अपना पाठ्यक्रम तय करने की स्वायत्तता होनी चाहिए।

(1) कोई भी मजबूत नहीं है। (2) सिर्फ II मजबूत है।
(3) सिर्फ I मजबूत है। (4) II व III मजबूत हैं।

8. नीचे एक कथन के पश्चात् दो तर्क दिए गए हैं। आपको निश्चित करना है कि कौनसा तर्क 'प्रबल' तर्क है और कौनसा 'कमजोर' तर्क है?

**कथन :**

क्या कोरोना जैसे संक्रामक रोग से संक्रमित व्यक्तियों के स्वतंत्र रूप से घूमने पर मनाही कर देनी चाहिए?

**तर्क :**

(i) हाँ, यह ऐसे रोगियों के लिए बहुत अधिक लाभदायक होगा।

(ii) नहीं, यह केवल उनकी स्वास्थ्य की स्थिति को और अधिक खराब करेगा।

(1) केवल तर्क (i) प्रबल है।
(2) केवल तर्क (ii) प्रबल है।
(3) न तो तर्क (i) और न ही तर्क (ii) प्रबल है।
(4) तर्क (i) व (ii) दोनों प्रबल हैं।

9. **कथन:** क्या सरकार को सभी प्रकार के प्रदर्शन पर रोक लगा देनी चाहिए?

**तर्क:**

I. नहीं, सरकार को नागरिकों के मौलिक अधिकार का हनन नहीं करना चाहिए।

II. हाँ, यह एकमात्र तरीका है, जिससे बिना रुकावट के अधिकाधिक उत्पादन संभव हो पायेगा।

(1) तर्क I प्रबल है।
(2) तर्क II प्रबल है।
(3) या तो तर्क I या तर्क II प्रबल है।
(4) तर्क I, II दोनों निर्बल हैं।

10. एक कथन के आगे दो तर्क (I) तथा (II) दिए गए हैं। आपको तय करना है कि कौनसा तर्क दृढ़ है तथा कौनसा तर्क शिथिल है।

**कथन:** क्या एल.पी.जी. पर सब्सिडी (अनुदान) बंद होनी चाहिए?

**तर्क:**

(I) हाँ, इससे सरकार को वित्तीय घाटे को कम करने में मदद मिलेगी।

(II) नहीं, गरीब परिवारों को समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

(1) केवल (I) ही दृढ़ तर्क है।
(2) केवल (II) ही दृढ़ तर्क है।
(3) न (I), न ही (II) दृढ़ तर्क है।
(4) दोनों तर्क (I) तथा (II) दृढ़ हैं।

11. **कथन:** क्या भारत के सभी स्कूलों में 9वीं कक्षा तक परीक्षा नहीं होनी चाहिए?

**तर्क:**

I. नहीं, छात्रों को अल्पायु से ही परीक्षा देने की प्रक्रिया से गुजरना चाहिए।

II. हाँ, इससे छात्रों को पार्श्वत: सोचने और अपने रचनात्मक शौक पूरे करने में मदद मिलेगी।

(1) तर्क I प्रबल है।
(2) तर्क II प्रबल है।
(3) या तो तर्क I या तर्क II प्रबल है।
(4) तर्क I, II दोनों निर्बल हैं।

12. **कथन :** क्या सरकार को राज्य के सभी स्कूल प्रबंधनों को सभी छात्रों के लिए कैंटीन की मुफ्त सुविधा देने के आदेश देने चाहिए?

**तर्क:**

I. नहीं, सभी स्कूल प्रबंधनों के पास ऐसी सुविधा देने के लिए पर्याप्त फंड नहीं होंगे।

II. हाँ, इससे छात्रों की पूर्ण उपस्थिति सुनिश्चित होगी।

(1) तर्क I प्रबल है।
(2) तर्क II प्रबल है।
(3) या तो तर्क I या तर्क II प्रबल है।
(4) तर्क I, II दोनों निर्बल हैं।

Bookbaazi.in

13. **निर्देश:** अभिकथन (A) और तर्क (R) के लिए सही विकल्प चुनें-

**अभिकथन:**(A) भारत एक लोकतांत्रिक देश है।

**तर्क:** (R) भारत एक विकासशील देश है।

(1) 'A' और 'R' दोनों सही हैं, व 'R', 'A' की सही व्याख्या है।

(2) 'A' और 'R' दोनों सही हैं लेकिन 'R', 'A' की सही व्याख्या नहीं है।

(3) 'A' सही है लेकिन 'R' गलत है।

(4) 'A' गलत है लेकिन 'R' सही है।

14. निम्न प्रश्न में एक कथन है जिसमें दो तर्क I और II निरूपित हैं। कौनसा तर्क मजबूत और कौनसा तर्क कमजोर है?

**कथन:** क्या एकल परिवार संयुक्त परिवार से ज्यादा अच्छे हैं?

**तर्क :**

I. नहीं, संयुक्त परिवार सुरक्षा को सुनिश्चित करते हैं तथा काम के बोझ को कम करने में मदद करते हैं।

II. हाँ, एकल परिवार अपनी स्वतंत्रता को सुनिश्चित करते हैं।

(1) केवल तर्क I मजबूत है।

(2) केवल तर्क II मजबूत है।

(3) या तो I या II मजबूत है।

(4) दोनों I व II तर्क मजबूत हैं।

15. नीचे एक प्रश्न और उसके बाद दो तर्क दिए गए हैं। निर्धारित करें कि प्रश्न के संदर्भ में कौन-सा/कौन-से तर्क मज़बूत है/हैं।

**प्रश्न:** क्या चिकित्सक की पर्ची के बिना दवाएँ बेचे जाने की अनुमति दी जानी चाहिए?

**तर्क:**

I. हाँ, दवाएँ जरूरी हैं।

II. नहीं, आवश्यकता से अधिक दवाएँ शरीर को नुकसान पहुँचा सकती हैं।

(1) केवल तर्क I मज़बूत है।

(2) केवल तर्क II मज़बूत है।

(3) I और II दोनों तर्क मज़बूत हैं।

(4) न तो तर्क I और न ही तर्क II मज़बूत है।

## उत्तरमाला

1. (1) केवल तर्क I मजबूत है क्योंकि वास्तविक जीवन के आधार पर यह तर्क इसलिए मजबूत है कि सीमाओं पर कार्य करने वाले सैनिकों की कर्त्तव्यनिष्ठा में ये दुर्गम क्षेत्र भत्ता वढ़ोतरी करेगा लेकिन तर्क II कमजोर है कि ये दुर्गम क्षेत्र भत्ता सार्वजनिक धन का अपव्यय है। वास्तव में ऐसा नहीं है।

2. (1) केवल तर्क I मजबूत है क्योंकि वास्तविक जीवन के आधार पर यह वात सही है कि लैपटॉप, डेस्कटॉप से वेहतर होते हैं। क्योंकि उन्हें कहीं भी ले जाया जा सकता है। लेकिन तर्क II कमजोर है क्योंकि वास्तविक जीवन के आधार पर ऐसा नहीं है कि लैपटॉप निम्न विन्यास (कॉन्फिगरेशन) के हैं।

3. (1) केवल तर्क I मजबूत है क्योंकि वास्तविक जीवन के आधार पर यह वात सही है कि स्कूलों में एक विषय के रूप में इतिहास की पढ़ाई करवायी जानी चाहिए, ताकि इतिहास का अध्ययन करने से वच्चों को सामाजिक विकास और परिवर्तन को समझने में मदद मिले। लेकिन तर्क II कमजोर हैं क्योंकि प्रश्न में यह नहीं वोला गया कि केवल इतिहास की पढ़ाई करवाओ जवकि प्रश्न में यह वोला गया है कि एक विषय के रूप में इतिहास की पढ़ाई करवानी चाहिए। इसलिए तर्क II कमजोर है।

4. (1) केवल तर्क I मजबूत है। क्योंकि वास्तविक जीवन के आधार पर यह वात सही है कि वच्चों को स्कूल में गृहकार्य दिया जाना चाहिए, ताकि वे स्कूल के वाद भी कुछ समय पढ़ाई करें। लेकिन तर्क II कमजोर है क्योंकि वास्तविक जीवन में ऐसा नहीं है कि वच्चों को स्कूल में गृहकार्य दिये जाने का कोई लाभ नहीं होता है।

5. (1) कथन के आधार पर केवल तर्क I मजबूत है कि भारत को नवीनतम नाभिकीय हथियारों को प्राप्त/विनिर्माण करना चाहिए क्योंकि देश की संप्रभुता एवं अखण्डता की रक्षा के लिए यह अनिवार्य हो गया है।

6. (2) दिये गए कथन के आधार पर केवल तर्क II प्रवल है।

7. (2) दिये गए कथन के अनुसार- तर्क I कमजोर है क्योंकि देश के शिक्षा तंत्र में एकरूपता लाने का एकमात्र तरीका यही नहीं है और भी तरीके हो सकते हैं तथा केवल तर्क II मजबूत है।

8. (3) कथन के आधार पर दोनों तर्क कमजोर हैं क्योंकि वास्तव में कोरोना से संक्रमित व्यक्तियों को किसी भी प्रकार से घूमने की मनाही है, ताकि वे एक जगह पर रहकर अच्छे से स्वस्थ हो सकें।

9. (1) प्रदर्शनों पर रोक लगाने से सरकार नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन करेगी। तर्क I प्रवल है। यह रोक उत्पादन बढ़ाने का एकमात्र उपाय नहीं है, तर्क II निर्वल है।

10. (4) दोनों तर्क I तथा II दृढ़ हैं क्योंकि तर्क I इसलिए मजबूत है कि वास्तविक जीवन के आधार पर यह बात सही है कि LPG पर सब्सिडी (अनुदान) बंद होने से सरकार को वित्तीय घाटे को कम करने में मदद मिलेगी और तर्क II इसलिए मजबूत है कि अगर LPG पर अनुदान बंद हो जाएगा तो गरीब परिवारों को समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

11. (4) तर्क I में कोई ठोस तर्क नहीं दिया है कि परीक्षाएँ किस प्रकार छात्रों के लिये सहायक हैं, तर्क II में भी कोई ठोस तर्क नहीं दिया है।

12. (1) तर्क I प्रवल है परंतु कैंटीन की मुफ्त सुविधा से छात्रों की पूर्ण उपस्थिति सुनिश्चित होने की कोई गारंटी नहीं है अत: तर्क II निर्बल है।

13. (2) दोनों कथन व तर्क सही हैं। परंतु तर्क (R) कथन (A) से पूर्ण स्वतंत्र है। उससे कथन (A) भारत के लोकतांत्रिक देश होने का कहीं भी स्पष्ट नहीं होता है। इसलिए तर्क (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

14. (4) दोनों तर्कों को वास्तविक जीवन के आधार पर देखने पर दोनों तर्क मजबूत हैं।

15. (4) न तो तर्क I और न ही तर्क II मजबूत है क्योंकि वास्तविक जीवन के आधार पर यह बात सही है कि दवाएँ जरूरी हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि चिकित्सक की सलाह के बिना दवाएँ ले लें और ऐसा भी नहीं है कि आवश्यकता से अधिक दवाएँ शरीर को नुकसान पहुँचा सकती हैं क्योंकि ये दवाएँ चिकित्सक रोगी की जरूरत के अनुसार देता है। इसलिए दोनों तर्क कमजोर हैं।



Bookbaazi.in

# कथन और निष्कर्ष
## (STATEMENT AND CONCLUSION)

किसी विषय के सन्दर्भ में दी गई अभिव्यक्ति को 'कथन' कहते हैं। निष्कर्ष एक ऐसा तथ्यपरक विवेचन है जो कि कथन के सम्पूर्ण अवयवों को ध्यान में रखते हुए उसकी विवेचना, कारण, प्रभाव, वैज्ञानिक परीक्षण एवं सर्वमान्य स्वीकार्यता पर निर्भर करता है।

इस प्रकार के प्रश्नों में एक कथन दिया गया होता है, जिस पर आधारित दो या दो से अधिक निष्कर्ष दिये गये होते हैं। कथन के सारे तथ्यों को सही मानते हुए, चाहे वे सर्वमान्य मान्यताओं के विपरीत ही क्यों न हों, किसी भी तरह के पूर्वानुमान की मदद लिये बिना यह ज्ञात करना होता है कि दिये गये निष्कर्षों में से कौनसा निष्कर्ष तार्किक रूप से सही है। यदि प्रश्न में एक से अधिक कथन भी दिये हों, तो निष्कर्ष तक पहुँचने से पहले विभिन्न कथनों में उल्लिखित सूचनाओं के साथ पारस्परिक सम्बन्ध स्थापित करना चाहिए।

■ **मान्य निष्कर्षों की पहचान के लक्षण:**
- कथन में दी गई सूचना के आधार पर निष्कर्षों की वैधता पर विचार करना चाहिए।
- यदि केवल एक कथन का एक से अधिक निष्कर्षों में अनुकरण किया जा रहा हो, तो वे वैध कहलायेंगे। ऐसे में असामान्य निष्कर्षों का पता लगाने के लिए प्रत्येक निष्कर्ष का अलग-अलग मूल्यांकन किया जाना चाहिए।
- निष्कर्ष कथन के किसी एक भाग या सभी में व्याप्त होगा।
- यह कथन में निहित विचारों का सामान्यीकृत रूप होता है।
- निष्कर्ष, कथन के आधार पर ही निकलना चाहिए।
- कथन में जब कुछ विशेष शब्द जैसे हमेशा, सदैव, बावजूद, केवल, अधिकतर, अधिकांश आदि का उपयोग किया जाता है तो कथन का अर्थ बदल जाता है।

■ **अमान्य निष्कर्षों की पहचान के लक्षण:**
- कथन में किसी शब्द या वाक्यांश का दो अर्थों में इस्तेमाल नहीं होना चाहिए।
- कथन और उसके निष्कर्ष नीति एवं सत्य की प्रचलित धारणाओं के विपरीत नहीं होने चाहिए।
- निष्कर्ष उदाहरण नहीं होने चाहिए।
- सामान्यत: आमतौर पर, साधारण तौर पर आदि शब्द निष्कर्ष को अमान्य या सन्देहास्पद बना देते हैं।
- यदि दो कथन दिये गये हों, तो वे परस्पर विरोधाभासी नहीं होने चाहिए।
- निष्कर्ष व्यक्तिगत, पूर्वाग्रह अथवा बाहरी कारकों से प्रभावित नहीं हो।
- निष्कर्ष निकालते समय अन्य व्यक्तियों के सुझावों पर विचार करना चाहिए परन्तु निष्कर्ष स्वयं का होना चाहिए।
- निष्कर्ष में निम्न तर्क दोष नहीं होने चाहिए।
  - ■ अक्षर संयोजन का तर्क दोष
  - ■ वर्गीकरण का तर्क दोष
  - ■ अविवेकी सादृश्यता का तर्क दोष
  - ■ अपर्याप्त आँकड़ों का तर्क दोष

### अभ्यास प्रश्न

1. **कथन :** शहरों की बजाय गाँवों का विकास अधिक आवश्यक है।
**निष्कर्ष I.** शहरों का विकास आवश्यक नहीं है।
**निष्कर्ष II.** गाँवों का विकास होने से देश का विकास होगा।
(1) निष्कर्ष I और II दोनों गलत हैं।
(2) निष्कर्ष I सही है।
(3) निष्कर्ष I और II दोनों सही हैं।
(4) निष्कर्ष II सही है।

2. **कथन :** शिक्षा के निजीकरण के लाभ व हानियाँ दोनों हैं।
**निष्कर्ष :**
I. शिक्षा का निजीकरण हानिकारक ही होगा।
II. शिक्षा केवल सरकारी तन्त्र द्वारा दी जानी चाहिए।
(1) निष्कर्ष I सही है।
(2) निष्कर्ष II सही है।
(3) निष्कर्ष I और II दोनों गलत हैं।
(4) निष्कर्ष I और II दोनों सही हैं।

3. **कथन:** 'ABC' मेडिकल कॉलेज ने एक कक्ष शुरू किया है जहाँ रोगियों एवं आम जनता के लिये तनाव नियंत्रण पर सलाह परामर्श कार्यक्रम आयोजित होंगे।
**निष्कर्ष I :** कॉलेज को ऐसे कार्य करने के लिए अतिरिक्त साधन चाहिए।
**निष्कर्ष II :** रोगी व जनता अस्पताल में ऐसे कक्ष की आवश्यकता महसूस करते हैं।
(1) यदि केवल निष्कर्ष I निकलता है।
(2) यदि केवल निष्कर्ष II निकलता है।
(3) यदि या तो निष्कर्ष I या II निकलता है।
(4) यदि निष्कर्ष I व II दोनों निकलते हैं।

4. **कथन:**
(i) सभी एक्सप्रेस रेलगाड़ियाँ यहाँ रुकती हैं।
(ii) राजधानी यहाँ नहीं रुकती।
**निष्कर्ष:**
(I) राजधानी यात्री गाड़ी ट्रेन है।
(II) राजधानी सुपर फास्ट गाड़ी है।
(III) राजधानी एक्सप्रेस गाड़ी नहीं है।
(IV) राजधानी विशेष गाड़ी है।
(1) केवल II (2) केवल II और III
(3) केवल II और IV (4) केवल III

5. रमेश की डॉक्टर बनने की इच्छा है। किसी अच्छे मेडिकल कॉलेज में प्रवेश पाने के लिए प्रत्येक को भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान में अच्छे अंक प्राप्त करने चाहिए और प्री. मेडिकल परीक्षा के लिए बोर्ड परीक्षा में तीनों मेडिकल परीक्षाओं में उच्च रैंक भी प्राप्त करनी चाहिए। रमेश ने अपनी बोर्ड परीक्षा में तीनों विषयों में उच्चतम अंक भी अर्जित किए हैं और मेडिकल



Bookbaazi.in

टेस्ट परीक्षा में भी शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।

उपरोक्त से कौन-सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है?

(1) रमेश स्वर्ण पदक विजेता डॉक्टर बन जाएगा।

(2) रमेश डॉक्टर बन जाएगा और अपना स्वयं का बहुविशेषता अस्पताल खोलेगा।

(3) रमेश आसानी से अपनी पसंद के किसी भी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश प्राप्त कर लेगा।

(4) टॉपर होने के नाते रमेश इंजीनियर बनने का विकल्प भी चुन सकता है।

6. एक कथन के आगे दो निष्कर्ष (I) तथा (II) दिए गए हैं। आपको तय करना है कि कौनसा निष्कर्ष दिए गए कथन से निकलता है।

**कथन:** बेरोजगारी देश की गरीबी का एक मुख्य कारण है।

**निष्कर्ष:**

(I) रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने से देश की गरीबी की समस्या कम होगी।

(II) देश के सभी व्यक्ति बेरोजगार हैं।

(1) केवल निष्कर्ष (I) निकलता है।

(2) केवल निष्कर्ष (II) निकलता है।

(3) न तो निष्कर्ष (I), न ही (II) निकलता है।

(4) दोनों निष्कर्ष (I) तथा (II) निकलते हैं।

7. दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें और निर्णय लें कि कौनसा/कौनसे निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

**कथन:**

I. रवि एक मुक्केबाज है।

II. सभी मुक्केबाजों में अच्छी सहनशक्ति (स्टेमिना) होती है।

**निष्कर्ष:**

I. रवि की सहनशक्ति (स्टेमिना) अच्छी है।

II. रवि बहुत वज़नदार है।

(1) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(2) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(3) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(4) निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों अनुसरण करते हैं।

8. दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें और निर्णय लें कि कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं-

**कथन:**

I. मोनी को सैल्मन मछली खाना पसंद है।

II. मोनी को झींगा मछली (लॉबस्टर) खाना पसंद नहीं है।

**निष्कर्ष:**

I. मोनी को सभी प्रकार के समुद्री भोजन खाना पसंद नहीं है।

II. मोनी को सभी प्रकार के समुद्री भोजन खाना पसंद है।

(1) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(2) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(3) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(4) निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों अनुसरण करते हैं।

9. नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथन तथा उन पर आधारित एक निष्कर्ष दिया गया है। उस विकल्प को चुनिए जिसमें दिए गए कथनों तथा निष्कर्ष का सर्वोत्तम प्रयोग हुआ है।

**कथन :**

I. जड़ी-बूटियों से प्राप्त औषधियाँ बीमारियों का इलाज करने में बहुत उपयोगी होती हैं।

II. कुछ जड़ी-बूटियाँ सौंदर्यीकरण के लिए भी प्रयोग में ली जाती हैं।

**निष्कर्ष:** वे मरीज, जो जड़ी-बूटियों की औषधियाँ लेते हैं, सुन्दर हो जाते हैं।

**निष्कर्ष-**

(1) दिए गए कथनों का अनुसरण करता है।

(2) दिए गए कथनों का अनुसरण नहीं करता है।

(3) शायद सही है।

(4) उक्त कोई नहीं।

10. **कथन:** यदि सभी खिलाड़ी अपनी पूर्ण क्षमता के साथ खेलें, तो मैच जीत सकते हैं। हमें मैच जीतना है।

**निष्कर्ष:**

I. सभी खिलाड़ी अपनी पूरी क्षमता के साथ खेलें।

II. कुछ खिलाड़ी अपनी पूरी क्षमता के साथ नहीं खेलते हैं।

(1) यदि केवल निष्कर्ष I निकलता है।

(2) यदि केवल निष्कर्ष II निकलता है।

(3) यदि या तो निष्कर्ष I या II निकलता है।

(4) यदि निष्कर्ष I व II दोनों निकलते हैं।

11. दिये गए कथन और नीचे दिये गए निष्कर्षों पर विचार कीजिए-

**कथन:** एक कमरा फूलों से खूबसूरत दिखता है।

**निष्कर्ष:**

**I :** कमरों को सजाने के लिए फूल उगाए जाते हैं।

**II :** बिना फूलों का कमरा बदसूरत दिखता है।

उत्तर दीजिए-

(1) निष्कर्ष I कथन का अनुसरण करता है।

(2) निष्कर्ष II कथन का अनुसरण करता है।

(3) दोनों निष्कर्ष I और निष्कर्ष II कथन का अनुसरण करते हैं।

(4) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II कथन का अनुसरण करता है।

12. दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें और निर्णय लें कि कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

**कथन:**

(i) अयान केवल रेसर-बाइक ही चलाता है।

(ii) पिछले हफ्ते अयान ने 'ABC' बाइक चलाई थी।

**निष्कर्ष:**

(i) 'ABC' एक रेसर-बाइक है।

(ii) 'ABC' रेसर-बाइक नहीं है।

(1) केवल निष्कर्ष (i) अनुसरण करता है।

(2) केवल निष्कर्ष (ii) अनुसरण करता है।

(3) निष्कर्ष (i) और निष्कर्ष (ii) दोनों अनुसरण करते हैं।

(4) न तो निष्कर्ष (i) और न ही निष्कर्ष (ii) अनुसरण करता है।



Bookbaazi.in

13. कथन को पढ़ें और दी गई जानकारी से तर्कसंगत सही निष्कर्ष की पहचान करें।

**कथन :** इस कप में औषधीय स्वास्थ्यवर्धक पेय है।

**निष्कर्ष :**

1. स्वास्थ्यवर्द्धक पेय कड़वा है।
2. स्वास्थ्यवर्द्धक पेय से खाँसी ठीक हो जाती है।

(1) केवल निष्कर्ष (1) अनुसरण करता है।
(2) केवल निष्कर्ष (2) अनुसरण करता है।
(3) या तो (1) या (2) अनुसरण करता है।
(4) न तो (1) और न ही (2) अनुसरण करता है।

14. **कथन:** कंपनी के अधिकारी हवाई यात्रा करते हैं, जबकि वे महँगी हैं, किन्तु समय बचाती हैं।

**निष्कर्ष:**

(I) अधिकारी कंपनी का पैसा बर्बाद करते हैं।
(II) अधिकारी समय को पैसे से अधिक महत्त्व देते हैं।

(1) निष्कर्ष I व II दोनों गलत
(2) निष्कर्ष I व II दोनों सही
(3) निष्कर्ष II सही
(4) निष्कर्ष I सही

15. **कथन :** कठिन परिस्थितियाँ मनुष्य को मजबूत बनाती हैं।

**निष्कर्ष I :** मनुष्य अपने कड़वे अनुभवों से सीखता है।

**निष्कर्ष II:** परिस्थितियाँ हमेशा बदलती रहती हैं।

(1) निष्कर्ष I और II दोनों गलत
(2) निष्कर्ष I और II दोनों सही
(3) निष्कर्ष II सही
(4) निष्कर्ष I सही

16. **कथन :** एक अच्छा अध्यापक एक अच्छा इन्सान भी होता है।

**निष्कर्ष I :** अध्यापक कभी अच्छे इन्सान नहीं होते हैं।

**II:** अध्यापक समाज का ध्यान रखते हैं।

(1) निष्कर्ष I और II दोनों सही
(2) निष्कर्ष II सही
(3) निष्कर्ष I और II दोनों गलत
(4) निष्कर्ष I सही

17. **कथन:** किस्मत बहादुरों का साथ देती है।

**निष्कर्ष:**

I. सफलता के लिए जोखिम जरूरी है।
II. कायर अपनी मौत से पहले कई बार मरते हैं।

(1) यदि निष्कर्ष I निकलता हो
(2) यदि निष्कर्ष II निकलता हो
(3) यदि या तो निष्कर्ष I या II निकलता हो
(4) यदि न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II निकलता हो

18. दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें और निर्णय लें कि कौन सा/कौन से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन:**

(1) सुनीता पढ़ाती है।
(2) जो भी व्यक्ति पढ़ाता है, वह कलाकार होता है।

**निष्कर्ष:**

I. सुनीता एक कलाकार है।
II. सभी कलाकार शिक्षक हैं।

(1) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(2) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(3) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(4) निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों अनुसरण करते हैं।

19. दिए गए कथन और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथन में दी गई जानकारी पूरी तरह से सत्य है, भले ही यह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से अलग हो, यह निर्णय लें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथन का अनुसरण करता/करते है/हैं।

**कथन:** सभी पियानोवादक नृत्य में अच्छे हैं।

**निष्कर्ष:**

(i) सभी लोग जो नृत्य में अच्छे हैं वे पियानोवादक हैं।
(ii) कुछ लोग जो नृत्य में अच्छे हैं वे पियानोवादक हैं।

(1) केवल निष्कर्ष (i) अनुसरण करता है।
(2) केवल निष्कर्ष (ii) अनुसरण करता है।
(3) निष्कर्ष (i) और निष्कर्ष (ii) दोनों अनुसरण करते हैं।
(4) न तो निष्कर्ष (i) और न ही निष्कर्ष (ii) अनुसरण करता है।

20. **कथन :** लोकतंत्र में किसी राजनीतिज्ञ की शिक्षा उसके चुनाव लड़ने के लिये अनिवार्य नहीं है-एक राजनीतिज्ञ का बयान।

**निष्कर्ष I :** एक राजनीतिज्ञ उच्च शिक्षा प्राप्त होना चाहिए जिससे वह लोगों पर प्रभाव जमा सके तथा चुनाव जीत सके।

**निष्कर्ष II :** राजनीति में सफल होने के लिए चुनाव की कला को सीखना तथा व्यवहार में लाना आवश्यक है।

(1) यदि केवल निष्कर्ष I निकलता है।
(2) यदि केवल निष्कर्ष II निकलता है।
(3) यदि या तो निष्कर्ष I या II निकलता है।
(4) यदि न तो निष्कर्ष I और न ही II निकलता है।

## उत्तरमाला

1. (4) कथन के आधार पर केवल निष्कर्ष II सही है। क्योंकि वास्तविक जीवन के आधार पर यह बात सही है कि गाँवों का विकास होने से देश का विकास होगा। लेकिन निष्कर्ष I सही नहीं है, क्योंकि वास्तविक जीवन के आधार पर यह बात सही नहीं है कि शहरों का विकास आवश्यक नहीं है। अत: देश के विकास के लिये गाँवों व शहरों, दोनों का विकास होना जरूरी है।

2. (3) कथन के आधार पर दोनों निष्कर्ष गलत हैं। क्योंकि वास्तविक जीवन के आधार पर ये दोनों ही बातें गलत हैं कि शिक्षा का निजीकरण हानिकारक ही होगा और शिक्षा केवल सरकारी तन्त्र द्वारा दी जानी चाहिए। ऐसा वास्तविक जीवन में नहीं है, क्योंकि दोनों के अलग-अलग फायदे भी हैं।

3. (2) कथन में अतिरिक्त साधनों का जिक्र न होने से निष्कर्ष I मान्य नहीं है। कथन में नये कक्ष की शुरुआत रोगी व जनता की आवश्यकता को दर्शाती है अत: निष्कर्ष II मान्य है।



Bookbazi.in

4. (4) कथनों के अनुसार राजधानी ट्रेन वहाँ नहीं रुकती, इसका मतलब है कि यह एक्सप्रेस ट्रेन नहीं है, कोई अन्य ट्रेन है।

5. (3) दिए गए प्रश्नानुसार यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि रमेश को आसानी से अपनी पसंद के किसी भी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश मिल जाएगा, क्योंकि उसने बोर्ड परीक्षा में तीनों विषयों (भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान) में उच्चतम अंक अर्जित किए और मेडिकल टेस्ट परीक्षा में भी शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।

6. (1) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है क्योंकि वास्तविक जीवन के आधार पर यह बात सही है कि रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने से देश की गरीबी की समस्या कम होगी। लेकिन निष्कर्ष II अनुसरण नहीं करता है क्योंकि वास्तविक जीवन के आधार पर ऐसा नहीं है कि देश के सभी व्यक्ति बेरोजगार हैं, जबकि कुछ व्यक्ति रोजगार में भी हैं।

7. (1) कथनों के आधार पर केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है। क्योंकि यह सही बात है कि रवि की सहनशक्ति (स्टेमिना) अच्छी है। क्योंकि सभी मुक्केबाजों में अच्छी सहनशक्ति (स्टेमिना) होती है और रवि एक मुक्केबाज है। लेकिन निष्कर्ष II अनुसरण नहीं करता है क्योंकि रवि बहुत वजनदार है। यह बात कथन में कहीं भी नहीं बोली गई है।

8. (1) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है क्योंकि यह बात सही है कि मोनी को सभी प्रकार के समुद्री भोजन खाना पसंद नहीं है। चूँकि ये बात कथन II में स्पष्ट रूप से बोली गई है कि मोनी को झींगा मछली खाना पसंद नहीं है। अत: झींगा मछली भी समुद्री मछली है तथा निष्कर्ष II अनुसरण नहीं करता है। क्योंकि मोनी को सभी प्रकार के समुद्री भोजन खाना पसंद है। यह बात कथन के आधार पर पूर्ण रूप से गलत है।

9. (2) निष्कर्ष दिए गए कथनों का अनुसरण नहीं करता है क्योंकि कुछ जड़ी-बूटियाँ सौंदर्यीकरण हेतु प्रयुक्त होती हैं। जो जड़ी-बूटियाँ औषधि के रूप में प्रयुक्त होती हैं जरूरी नहीं कि वे सौंदर्य भी बढ़ाती हों।

10. (4) मैच जीतने के लिए सभी खिलाड़ी अपनी पूर्ण क्षमता के साथ खेलें यही कथन का निष्कर्ष होने से I सही है। कुछ खिलाड़ी पूरी क्षमता से नहीं खेलते। मैच जीतने के लिए उनका पूरी क्षमता से खेलना जरूरी है, अत: निष्कर्ष II भी मान्य है।

11. (4) दिये गए कथन के आधार पर ना तो निष्कर्ष I और ना ही निष्कर्ष II कथन का अनुसरण करता है।

12. (1) कथन के आधार पर केवल निष्कर्ष (i) अनुसरण करता है क्योंकि ये बात सही है कि ABC एक रेसर-बाइक है क्योंकि अयान केवल रेसर-बाइक ही चलाता है। लेकिन ABC रेसर-बाइक नहीं है। ये निष्कर्ष कथन के आधार पर गलत है।

13. (4) कथन से कहीं भी यह स्पष्ट नहीं होता कि स्वास्थ्यवर्धक पेय कड़वा होता है या वह खाँसी ठीक करता है। अत: दोनों निष्कर्ष सही नहीं हैं।

14. (3) कथन के आधार पर केवल निष्कर्ष II सही है। क्योंकि वास्तविक जीवन के आधार पर यह बात सही है कि कम्पनी के अधिकारी समय को पैसे से अधिक महत्त्व देते हैं लेकिन निष्कर्ष I सही नहीं है क्योंकि वास्तविक जीवन के आधार पर ऐसा सही नहीं है कि अधिकारी कम्पनी का पैसा बर्बाद करते हैं।

15. (2) कथन के आधार पर दोनों निष्कर्ष सही हैं क्योंकि वास्तविक जीवन के आधार पर दोनों ही बातें सही हैं कि मनुष्य अपने कड़वे अनुभवों से सीखता है और परिस्थितियाँ हमेशा बदलती रहती हैं।

16. (2) कथन के आधार पर केवल निष्कर्ष II सही है क्योंकि वास्तविक जीवन के आधार पर यह बात सही है कि अध्यापक समाज का ध्यान रखते हैं। लेकिन निष्कर्ष I गलत है, क्योंकि वास्तविक जीवन के आधार पर यह बात सही नहीं है कि अध्यापक कभी अच्छे इन्सान नहीं होते हैं।

17. (1) किस्मत बहादुरों का साथ देती है **अर्थात्** जो जोखिम उठाने का साहस रखते हैं उन्हें सफलता भी मिलती है। जो जोखिम से डरते हैं, वे सफल नहीं हो सकते। अत: केवल निष्कर्ष I सही है।

18. (1) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है क्योंकि कथन के आधार पर यह बात सही है कि सुनीता एक कलाकार है। क्योंकि जो भी व्यक्ति पढ़ाता है, वह कलाकार होता है और सुनीता भी पढ़ाती है। लेकिन निष्कर्ष II अनुसरण नहीं करता है। क्योंकि निष्कर्ष II कथन से भिन्न बात बोल रहा है कि सभी कलाकार शिक्षक हैं।

19. (2) केवल निष्कर्ष (ii) अनुसरण करता है क्योंकि कथन के आधार पर यह बात सही है कि कुछ लोग जो नृत्य में अच्छे हैं वे पियानोवादक हैं, लेकिन निष्कर्ष (i) अनुसरण नहीं करता है, क्योंकि कथन के आधार पर ऐसा नहीं है कि सभी लोग जो नृत्य में अच्छे हैं, वे पियानोवादक हैं।

20. (2) राजनीतिज्ञ उच्च शिक्षा प्राप्त हो यह निष्कर्ष I कथन के विपरीत होने के कारण अमान्य है। राजनीति में सफल होने के लिये शिक्षा की बजाय चुनाव की कला सीखना कथन के अनुसार जरूरी है, अत: निष्कर्ष II सही है।

ज्ञान अनन्त™



Bookbaazi.in

# कथन और कार्यवाही
## (STATEMENT AND ACTION)

किसी समस्या के समाधान एवं नीति के तहत लिया गया प्रशासनिक निर्णय या उठाया गया कदम कार्यवाही (action) कहलाता है। जो घटना या स्थिति हमारे सामान्य जनजीवन को अंशत: या पूर्णत: बाधित कर देती है, उसे समस्या कहते हैं जैसे गरीबी, बेरोजगारी, आतंकवाद आदि। समस्या साधारण या जटिल दो तरह की हो सकती है।

- **साधारण समस्या:-** यह वह समस्या है जिसके लिए योजनाबद्ध, त्वरित या ठोस कार्यवाही करने की आवश्यकता न हो, बल्कि सिर्फ थोड़ा सुधार करना पर्याप्त हो जैसे बाल आश्रम, अनाथालय की व्यवस्था, अनुशासनहीनता आदि।
- **जटिल समस्या:-** जिसके लिए योजनाबद्ध, त्वरित ठोस कार्यवाही करने की आवश्यकता हो जैसे युद्ध, भूकम्प, महामारी आदि।
  ऐसे प्रश्नों में एक कथन एवं उसके बाद दो या दो से अधिक कार्यवाहियाँ दी होती हैं। ऐसे में कथन को समझते हुए एक निर्णय करना होता है कि सुझायी गई कार्यवाहियों में से कौनसी सबसे उपयुक्त व तर्कसंगत कार्यवाही है। कथन में कही गई बात को पूर्णत: सत्य मानना होता है, भले ही वह असत्य ही क्यों न प्रतीत हो।
- **सामान्यत: कार्यवाही संबंधी प्रश्नों में दो प्रकार के प्रारूप (pattern) अपनाये जाते हैं-**
  I: कोई समस्या, जिसके बाद कार्यवाही की दिशा में सुझाव दिया होता है, जो इस समस्या का हल निर्धारित करता है।
  II: कोई तथ्य या स्थिति, जिसके बाद कार्यवाही की दिशा में सुझाव दिया होता है, जो इस स्थिति में सुधार ला सकता है।
  अत: सबसे पहले यह तय करना होता है कि कथन में किसी समस्या की बात हो रही है या किसी तथ्य/स्थिति का विवरण बताया जा रहा है।

- **महत्त्वपूर्ण तथ्य :-**
  - कार्यवाही देश, सरकार या संबंधित संगठन के व्यापक हित में होनी चाहिए।
  - कार्यवाही देश के कानून के अनुसार होनी चाहिए।
  - कोई भी निर्णय व्यक्तिगत पूर्वाग्रह से ग्रस्त या पक्षपातपूर्ण न हो।
  - कोई भी निर्णय किसी प्रकार के बाहरी दबाव में नहीं लिया गया हो।
  - निर्णय लेते समय अन्य व्यक्तियों के सुझाव पर विचार करें, लेकिन निर्णय स्वयं का होना चाहिए।
  - यह देखना चाहिए कि क्या उठाये गये कदम से समस्या का हल होगा या उसमें कमी आयेगी।
  - यदि किसी प्रकार की घटना घटित हो, तो उसके कारणों का पता लगाना चाहिए।
  - निर्णय लेते समय वर्तमान का भूत के साथ अथवा भविष्य का वर्तमान के साथ पारस्परिक संबंध नहीं बनाना चाहिए।
  - साधारण समस्या के लिए सुधार को प्रदर्शित करते हुए कार्यवाही का चयन करना चाहिए।
  - जटिल समस्या के लिए त्वरित या ठोस कार्यवाही करनी चाहिए।
  - यदि समस्या का तार्किक समाधान कल्पना के आधार पर सम्भव हो, तो यथार्थ कल्पना के आधार पर कार्यवाही का चयन करना चाहिए।
  - सामान्य ज्ञान पर आधारित समस्याओं के समाधान के लिए कार्यवाही का चयन भी सामान्य ज्ञान के आधार पर करना चाहिए।
  - सर्वमान्य तथ्यों पर आधारित समस्याओं के समाधान के लिए सर्वमान्य कार्यवाही का चयन करना चाहिए।
  - पूर्व की अन्य किसी समस्या से मिलती-जुलती समस्याओं पर कार्यवाही पूर्व के अनुभव के आधार पर करनी चाहिए।

### अभ्यास प्रश्न-1

1. **कथन :** जयपुर शहर में चार पहिया वाहनों के नए ब्रांड के शुभारंभ से यातायात ट्रैफिक में वृद्धि हुई है।
   **कार्यवाही I :** लोगों को अपने कार्य स्थलों पर जाते समय अपने निजी वाहनों को साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।
   **कार्यवाही II :** सरकार को जयपुर शहर में मोटर कारों पर भारी कर वसूलना चाहिए।
   (1) यदि कार्यवाही I उचित है। (2) यदि कार्यवाही II उचित है।
   (3) यदि न कार्यवाही I न ही II उचित है।
   (4) यदि कार्यवाही I और II दोनों उचित हैं।
2. **कथन :** कॉलेज विद्यार्थियों की बड़ी संख्या को पढ़ाई की तुलना में यू-ट्यूब वीडियो देखते हुए पाया गया है।
   **कार्यवाही I :** कॉलेजों को यू-ट्यूब वीडियो देखने पर प्रतिबंध लगाना चाहिए।
   **कार्यवाही II :** कॉलेजों को विद्यार्थियों को पढ़ाई में काफी व्यस्त रखना चाहिए, ताकि वे यू-ट्यूब वीडियो देखने के लिए समय निकालने में सक्षम न हो सके।
   (1) यदि कार्यवाही I उचित है। (2) यदि कार्यवाही II उचित है।
   (3) यदि न कार्यवाही I न ही II उचित है।
   (4) यदि कार्यवाही I और II दोनों उचित हैं।
3. **कथन :** IMD रिपोर्ट के अनुसार "बंगाल की खाड़ी में कम दबाव के कारण तमिलनाडु में भारी बारिश हो सकती है।"
   **कार्यवाही I :** समय पर चेतावनी देने के लिए IMD की प्रशंसा की जानी चाहिए।
   **कार्यवाही II :** सरकार को मीडिया द्वारा यह चेतावनी दे देनी चाहिए कि मछुआरे इस दौरान मछली पकड़ने के लिए समुद्र में न जायें।
   (1) I और II दोनों अनुसरण करते हैं।
   (2) न तो I और न ही II अनुसरण करता है।
   (3) केवल II अनुसरण करता है।
   (4) केवल I ही अनुसरण करता है।
4. **कथन :** दिल्ली में प्रदूषण और वायु की गुणवत्ता स्वीकार्य स्तर से परे है। यह उद्योगों और वाहनों द्वारा हुए प्रदूषण के कारण है।
   **कार्यवाही I :** वाहनों को क्रमश: विषम और सम दिनों में चलाने के लिए समूहों में विभाजित किया जाना चाहिए।
   **कार्यवाही II :** सरकार को नए कारखानों और वाहनों के पंजीकरण को रोकना चाहिए।
   (1) केवल I अनुसरण करती है। (2) केवल II अनुसरण करती है।
   (3) I और II दोनों अनुसरण करती हैं।
   (4) ना ही I और ना ही II अनुसरण करती है।
5. **कथन:** पिछले दिनों में इन्टरनेट हैकिंग के बहुत से मामले आने से इन्टरनेट का उपयोग करने वालों में भय बैठ गया है।
   **कार्यवाहियाँ:**
   I. सरकार को इन्टरनेट हैकिंग करने वाले अपराधियों को पकड़ कर जेल में डालना चाहिए।
   II. इन्टरनेट उपयोगकर्त्ता को इन्टरनेट से दूर रहने के लिए कहा जाना चाहिए, जब तक कि अपराधी पकड़े न जायें।
   उत्तर दीजिये-
   (1) यदि केवल कार्यवाही I सही है।
   (2) यदि केवल कार्यवाही II सही है।
   (3) या तो कार्यवाही I या II सही है।
   (4) न तो कार्यवाही I और न ही कार्यवाही II सही हैं।

6. दिये गए विवरण को पढ़ें और निर्णय लें कि कार्रवाई का कौनसा तरीका/तरीके तार्किक रूप से उस विवरण का अनुसरण करता है/करते हैं।
**विवरण :** चेन्नई में भारी बारिश के कारण निचले इलाकों में बाढ़ आ गई है।
**कार्रवाई का तरीका :**
1. निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को भारी बारिश के दौरान होने वाले खतरे से अवगत कराया जाना चाहिए।
2. जीवन को नुकसान से बचाने के लिए सरकार को इन क्षेत्रों से लोगों को स्थानांतरित करना चाहिए।
(1) केवल (1) अनुसरण करती है।
(2) केवल (2) अनुसरण करती है।
(3) (1) और (2) दोनों ही अनुसरण करती हैं।
(4) न तो (1) न ही (2) अनुसरण करती है।

7. **कथन :** भारत में एक कम्पनी की कारों की बिक्री काफी कम हो गई, यह कम्पनी के लिए बहुत चिन्ता की बात है।
**कार्य योजना :**
(i) कम्पनी को मार्केट में प्रतिस्पर्धी उत्पादों का समुचित अध्ययन करना चाहिए तथा अपने उत्पादों की गुणवत्ता अन्यों की तुलना में बढ़ानी चाहिए।
(ii) विज्ञापनों के माध्यम से कम्पनी को अपने उत्पादों को प्रतिस्पर्धी कम्पनी के उत्पादों से श्रेष्ठ दिखाने का प्रयास करना चाहिए।
(1) केवल (i) अनुसरण करती है।
(2) केवल (ii) अनुसरण करती है।
(3) दोनों अनुसरण करती हैं।
(4) न तो (i), न ही (ii) अनुसरण करती है।

8. **कथन:** युवाओं को अक्सर अश्लील पोस्टरों को घूरते पाया जाता है।
**कार्यवाही:**
I. बच्चों को सजा एवं दण्ड देना चाहिए, यदि वे ऐसा करते पाए जाते हैं।
II. इस प्रकार की सामग्री के प्रदर्शन पर रोक लगानी चाहिए।
(1) केवल I क्रियान्वित हो। (2) केवल II क्रियान्वित हो।
(3) या तो I या II क्रियान्वित हो।
(4) न तो I और न ही II क्रियान्वित हो।

9. **कथन:** एक बड़ा तेल टैंकर राज्य की राजधानी को जाने वाले राजमार्ग पर उलट गया और राजमार्ग के अधिकांश हिस्से पर वाहनों का यातायात रुक गया।
**कार्यवाही:**
I. इस मामले पर ध्यान देने के लिए सरकार को तत्काल उच्च स्तरीय जाँच समिति गठित करनी चाहिए।
II. तेल टैंकर के चालक को तत्काल गिरफ्तार कर लेना चाहिए।
(1) यदि केवल कार्यवाही I सही है।
(2) यदि केवल कार्यवाही II सही है।
(3) या तो कार्यवाही I या II सही है।
(4) न तो कार्यवाही I और न ही कार्यवाही II सही हैं।

10. **कथन :** कम्पनी 'P' ने तय किया है कि वह अपने कर्मचारियों के वेतन में अगले माह से 10% की वृद्धि करेगी।
**कार्यवाही I :** लेखा विभाग को अपने सभी कर्मचारियों का वेतन संबंधी विवरण भुगतान की तारीख से पहले तैयार करना होगा।
**कार्यवाही II :** बाजार की स्थिति का विचार करते हुए कर्मचारी संघों को वेतन में और वृद्धि की माँग करनी चाहिए।
(1) यदि कार्यवाही I उचित है। (2) यदि कार्यवाही II उचित है।
(3) यदि न कार्यवाही I न ही II उचित है।
(4) यदि कार्यवाही I और II दोनों उचित हैं।

11. **कथन :** शहर में हैजा फैलने से सैकड़ों परिवार प्रभावित हुए हैं तथा बड़ी संख्या में लोग मारे गये हैं।
**कार्यवाही I :** नागरिक प्रशासन को विभिन्न प्रचार माध्यमों के द्वारा आम जनता को उस रोग से बचाव के उपाय बताने चाहिए।
**कार्यवाही II :** नागरिक प्रशासन की मदद के लिये अर्द्धसैनिक बल बुलाये जाने चाहिए।
(1) यदि कार्यवाही I उचित है। (2) यदि कार्यवाही II उचित है।
(3) यदि न कार्यवाही I न ही II उचित है।
(4) यदि कार्यवाही I और II दोनों उचित हैं।

12. **कथन :** यह ज्ञात हुआ है कि बड़ी संख्या में जनजातीय लोग यूरेनियम खदानों के निकट रेडियो-एक्टिव कचरे के प्रभाव से विविध प्रकार के रोगों का शिकार हो रहे हैं।
**कार्यवाही I :** सरकार को चाहिए कि वह खदानों को बंद कर दे।
**कार्यवाही II :** सरकार को शीघ्र ही जनजातीय लोगों को रेडियो एक्टिव कचरे के प्रभाव से बचाने के उपाय करने चाहिए।
(1) यदि कार्यवाही I उचित है।
(2) यदि कार्यवाही II उचित है।
(3) यदि न कार्यवाही I न ही II उचित है।
(4) यदि कार्यवाही I और II दोनों उचित हैं।

13. **कथन :** मंत्री ने कहा कि शिक्षकों में उच्च शिक्षा व्यवस्था में जनसंख्या के बारे में शिक्षा की आवश्यकता, महत्त्व एवं संसाधनों के बारे में अभी तक जानकारी का अभाव है। वे अभी तक जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम में अपने कर्तव्य एवं दायित्वों से भी वाकिफ नहीं हैं।
**कार्यवाही I :** शिक्षकों के लिये जनसंख्या शिक्षा पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना चाहिए।
**कार्यवाही II :** कॉलेज के पाठ्यक्रम में जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम को शामिल किया जाना चाहिए।
(1) यदि कार्यवाही I उचित है।
(2) यदि कार्यवाही II उचित है।
(3) यदि न कार्यवाही I न ही II उचित है।
(4) यदि कार्यवाही I और II दोनों उचित हैं।

14. **कथन :** न्यायालय विभिन्न विभागों के विवादों को सुलझाने में बहुत समय लेते हैं।
**कार्यवाही I :** न्यायालयों को शीघ्र इन मामलों को निपटाने के लिये कहना चाहिए।
**कार्यवाही II :** अधिकारियों को उनके विभागीय विवाद सुलझाने के लिये विशेष अधिकार दिये जाने चाहिये।
(1) यदि कार्यवाही I उचित है।
(2) यदि कार्यवाही II उचित है।
(3) यदि न कार्यवाही I न ही II उचित है।
(4) यदि कार्यवाही I और II दोनों उचित हैं।

15. **कथन :** 'X' राज्य के चार जिलों में गत तीन वर्षों से लगातार अकाल होने से बहुत से लोग यहाँ से पलायन कर गये हैं।
**कार्यवाही I :** सरकार को पलायन रोकने के लिये भोजन के बदले रोजगार कार्यक्रम चलाने चाहिए।
**कार्यवाही II :** सरकार को इन जिलों में पीने के पानी की व्यवस्था करनी चाहिए।
(1) यदि कार्यवाही I उचित है। (2) यदि कार्यवाही II उचित है।
(3) यदि न कार्यवाही I न ही II उचित है।
(4) यदि कार्यवाही I और II दोनों उचित हैं।

## उत्तरमाला-1

1. (1) कथन के आधार पर केवल कार्यवाही I उचित है क्योंकि लोगों को अपने कार्य स्थल पर जाने के लिए अपने निजी वाहन को साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है, लेकिन निजी वाहन को साझा करने के लिए लोगों को बलपूर्वक नहीं कहा जा सकता। कार्यवाही II अनुचित है क्योंकि यह कोई स्थाई हल नहीं है कि मोटर कारों पर भारी कर वसूलना चाहिए।

Bookbaazi.in

2. (3) कथन के आधार पर दोनों ही कार्यवाहियाँ उचित नहीं हैं क्योंकि वास्तविक जीवन के आधार पर कॉलेज यू-ट्यूब वीडियो देखने के लिए विद्यार्थियों पर प्रतिबंध नहीं लगा सकता। हो सकता है बच्चे यू-ट्यूब पर पढ़ाई के वीडियो ही देखते हों और ये बात भी सही नहीं है कि विद्यार्थियों को कॉलेज में पढ़ाई के लिए इतना व्यस्त कर दो कि वे वीडियो देखने के लिए समय ही नहीं निकाल सकें। अगर बच्चे अनुशासनहीनता करते हैं तब तो यह कार्यवाही उचित होगी।
3. (3) कथन से स्पष्ट है कि केवल कार्यवाही 2 कथन का अनुसरण करती है।
4. (1) दिल्ली में प्रदूषण और वायु की गुणवत्ता स्वीकार्य स्तर से परे है। यह उद्योगों और वाहनों द्वारा हुए प्रदूषण के कारण है। वायु प्रदूषण को रोकने के लिए तत्काल कार्यवाही की आवश्यकता है। प्रश्नानुसार दी गयी कार्यवाहियों में से वाहनों को चलाने के लिए क्रमश: विषम और सम दिनों के अनुसार विभाजित करना चाहिए, जिससे वाहनों से होने वाला प्रदूषण कम होगा। अत: कार्यवाही 1 वक्तव्य का अनुसरण करती है।
5. (1) अपराधियों को पकड़कर जेल में डालना, अपराधों को रोकने के लिये उचित है परन्तु यह ऐसी समस्या है जिसे पूर्णरूप से समाप्त करना आसान नहीं है अत: लम्बे समय तक इन्टरनेट उपयोग बंद कर देना, समस्या का समाधान नहीं कहलायेगा, इसलिये दूसरी कार्यवाही उचित नहीं है।
6. (3) वास्तविक जीवन के आधार पर दोनों कार्रवाई सही हैं क्योंकि जब सरकार को पता है कि चेन्नई में भारी बारिश के कारण निचले इलाकों में बाढ़ आ गई है तो निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को भारी बारिश के दौरान होने वाले खतरे से अवगत कराया जाना चाहिए और जीवन को नुकसान से बचाने के लिए सरकार को इन क्षेत्रों से लोगों को स्थानांतरित करना चाहिए।
7. (1) अत: कथन के आधार पर केवल कार्य योजना (i) सही है कि कम्पनी को मार्केट में प्रतिस्पर्धी उत्पादों का समुचित अध्ययन करना चाहिए तथा अपने उत्पादों की गुणवत्ता अन्यों की तुलना में बढ़ानी चाहिए, ताकि कम्पनी की कारों की बिक्री में वृद्धि हो सके।
8. (2) अत: केवल कार्यवाही II सही है क्योंकि वास्तविक जीवन के आधार पर यह बात सही है कि अश्लील पोस्टरों की सामग्री के प्रदर्शन पर रोक लगानी चाहिए। लेकिन जो बच्चा अश्लील पोस्टर को घूरता पाया जाता है तो इसका मतलब यह नहीं कि बच्चों को सजा एवं दण्ड देना चाहिए। उनको समझाया भी जा सकता है कि वे आगे ऐसा नहीं करें, इसलिए कार्यवाही I गलत है।
9. (4) एक साधारण दुर्घटना के लिये उच्च स्तरीय जाँच समिति गठित करना अनावश्यक कार्यवाही होगी। चालक को गिरफ्तार करने की बजाय यातायात चालू करना ज्यादा जरूरी होगा। दोनों कार्यवाहियाँ उचित नहीं है।
10. (1) कार्यवाही I आवश्यक है परन्तु कम्पनी द्वारा वेतन वृद्धि की घोषणा के बाद और वृद्धि की माँग अनुचित है।
11. (1) कार्यवाही I उचित है, बीमारी की रोकथाम के लिये अर्द्धसैनिक बल की मदद की जरूरत नहीं।
12. (2) खदानों को बंद करना समस्या का निदान नहीं, अपितु रेडियो-एक्टिव कचरे से बचाव के उपाय करने चाहिए।
13. (1) मंत्री ने शिक्षकों के प्रशिक्षण पर जोर दिया है अत: कार्यवाही I उचित है।
14. (4) दोनों कार्यवाहियाँ उचित हैं।
15. (4) दोनों कार्यवाहियाँ उचित हैं।

## अभ्यास प्रश्न-2

**निर्देश (1-7) :** नीचे दिए प्रश्न में एक कथन के संदर्भ में दो कार्यवाही भी दी गई हैं I और II, आपको कथन के संदर्भ में पूर्णतया सही अनुमान लगाकर कथन में दी गई जानकारी के आधार पर निर्णय लेना है कि सुझाई गई कौनसी कार्यवाही को तार्किक आधार पर क्रियान्वित करना चाहिए।

1. **कथन:** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) को एक अधिकारी द्वारा ऐसे कार्य के लिए रिश्वत लेने की शिकायत प्राप्त होती है, जो उसका कर्त्तव्य है।

**कार्यवाही के तरीके:**

I. CBI द्वारा अधिकारी को रंगे हाथ पकड़ने की कोशिश करनी चाहिए तथा उसके बाद उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए।

II. CBI को इस विषय में निश्चित होने के लिए कुछ और शिकायतों का इंतजार करना चाहिए।

(1) केवल (I) (2) केवल (II)
(3) (I) तथा (II) दोनों (4) या तो (I) अथवा (II)

2. दूरदर्शन के नए चैनलों की स्थापना से डी.डी. -1 चैनल के दर्शकों की संख्या घटती जा रही है- एक रिपोर्ट।

**कार्यवाही I:** दूरदर्शन को चाहिए कि नए चैनलों के प्रसारण के समय को कम करे।

**कार्यवाही II:** डी.डी. -1 पर कार्यक्रमों की गुणवत्ता बढ़ाने पर बल देना चाहिए।

(1) यदि कार्यवाही I उचित है।
(2) यदि कार्यवाही II उचित है।
(3) यदि न कार्यवाही I न ही II उचित है।
(4) यदि कार्यवाही I और II दोनों उचित हैं।

3. **कथन:** देश के कई हिस्सों में गंभीर सूखा होने की खबर है।

**कार्यवाही के विकल्प:**

I. सरकार को तुरंत प्रभावित लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करने की व्यवस्था करनी चाहिए।

II. इन सभी क्षेत्रों में लोगों और पशुओं को बचाने के लिए भोजन, पानी और चारा तुरंत भेजा जाना चाहिए।

(1) केवल I क्रियान्वित हो।
(2) केवल II का पालन हो।
(3) या तो I या II क्रियान्वित हो।
(4) न तो I और न ही II क्रियान्वित हो।

4. **कथन:** बहुत से विद्यार्थी ऐसे होते हैं जो विद्यालय अथवा स्नातक स्तर पर उच्च अंकों से पास होकर भी अपने विषय में पारंगत नहीं होते।

**कार्यवाहियाँ:**

I. शिक्षा बोर्डों से अपेक्षा है कि परीक्षा प्रणाली की जाँच करें और इसमें संशोधन करें ताकि वास्तविक प्रतिभा को काम में लाया जा सके।

II. समस्त स्तरों पर परीक्षा प्रणाली इस प्रकार से अभिकल्पित की जाए ताकि रटन सम्बन्धी अधिगम प्रवृत्ति को निरुत्साहित किया जा सके।

(1) यदि इससे कार्यवाही I का अनुसरण होता है।
(2) यदि इससे कार्यवाही II का अनुसरण होता है।
(3) यदि इससे I और II दोनों का अनुसरण होता हैं।
(4) यदि न I और न ही II का अनुसरण होता है।

5. **कथन:** देशभर में बहुत बड़ी संख्या में प्राइवेट विद्यालय खुल रहे हैं। वे सभी स्कूल ठीक प्रकार से फीस चार्ज नहीं कर रहे हैं।

**कार्यवाहियाँ:**

I. सरकार को चाहिए कि सख्त मानक तय करे।

II. दाखिला दिलाते समय माता-पिताओं को भी जाँच-पड़ताल कर लेनी चाहिए।

(1) यदि इससे कार्यवाही I का अनुसरण होता है।
(2) यदि इससे कार्यवाही II का अनुसरण होता है।
(3) यदि इससे I और II दोनों का अनुसरण होता है।
(4) यदि न I और न ही II का अनुसरण होता है।

6. **कथन:** शहर में 75% लोग झुग्गी-झोपड़ियों तथा घटिया घरों में रह रहे हैं, जो सरकार की घर निर्माण तथा शहरी विकास नीतियों पर आक्षेप हैं।

**कार्यवाहियाँ:**

I. गृह और शहरी विकास को देखने के लिए अलग-अलग विभाग होने चाहिए।

II. शहरी गृह सम्बन्धी नीतियों का पुन: निरीक्षण किया जाना चाहिए।

(1) यदि इससे कार्यवाही I का अनुसरण होता है।
(2) यदि इससे कार्यवाही II का अनुसरण होता है।
(3) यदि इससे I और II दोनों का अनुसरण होता है।
(4) यदि न I और न ही II का अनुसरण होता है।



Bookbaazi.in

7. **कथन :** भारत को लगातार अपने पड़ोसी देशों से सैनिक धमकी का अनुभव हो रहा है।

**कार्य योजना :**

(i) भारत को अपने पड़ोसियों से सीमाओं पर तनाव कम करने हेतु गहन वार्तालाप करना चाहिए।

(ii) भारत को गंभीर धमकियों को रोकने के लिए एक सम्पूर्ण युद्ध करना चाहिए।

(1) केवल (i) अनुसरण करती है।
(2) केवल (ii) अनुसरण करती है।
(3) दोनों अनुसरण करती हैं।
(4) न तो (i) न ही (ii) अनुसरण करती है।

**8-25 : निम्न प्रश्नों में एक कथन, दो कार्यवाहियाँ I व II दी गई हैं। दिये गये निम्न विकल्पों में से एक उत्तर दें-**

**(1) यदि केवल कार्यवाही I सही है।**
**(2) यदि केवल कार्यवाही II सही है।**
**(3) या तो कार्यवाही I या II सही है।**
**(4) यदि दोनों कार्यवाहियाँ I व II सही हैं।**

8. **कथन :** लोग कर को बोझ समझते हैं और इसलिए इसका कम भुगतान करने या इसे पूर्णत: टालने के तरीके सोच निकालते हैं।

**कार्यवाही I :** कर राष्ट्र के विकास में कैसे सहायक होते हैं, इसके बारे में सरकार को नागरिकों को शिक्षित करना चाहिए और जानकारी देनी चाहिए।

**कार्यवाही II :** कर की दरें बढ़ायी जानी चाहिए, ताकि वसूली में कमी की क्षतिपूर्ति की जा सके।

9. **कथन :** बहुत सी संस्थाएँ हैं, जिनमें से किसी एक को भी शहर के विकास के लिए जवाबदेह नहीं ठहराया जा सकता, यही इसकी उपेक्षापूर्ण स्थिति का कारण है।

**कार्यवाही I :** प्रत्येक संस्था को कुछेक कर्तव्य दिए जाने चाहिए और इस आवंटन का दोहराव नहीं होना चाहिए।

**कार्यवाही II :** अन्य सभी संस्थाओं की कार्यवाइयों को विनियमित करने की शक्तियों वाली एक समिति नियुक्त की जानी चाहिए।

10. **कथन :** भारत में प्रति 1000 व्यक्ति अस्पताल में बिस्तरों की संख्या, जो स्वास्थ्य संबंधी मूल सुविधा का मुख्य संकेतक है, भारत से अधिक गरीब कई देशों से बहुत कम है।

**कार्यवाही I :** महँगी दवाइयों के आयात का व्यय सरकार द्वारा वहन किया जाना चाहिए।

**कार्यवाही II :** स्वास्थ्य कल्याण संबंधी मूल सुविधाओं के निर्माण हेतु निजी पक्षों के प्रवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन दिए जाने चाहिए।

11. **कथन :** रानी गाँव में कोई विद्यालय नहीं है अत: वहाँ की लड़कियों को पढ़ने के लिए जोधपुर नगर में आना पड़ता है, जो कि बहुत दूर है।

**कार्यवाही I :** रानी गाँव में लड़कियों के लिए विद्यालय खोलना चाहिए।

**कार्यवाही II :** वहाँ की लड़कियों को पढ़ाने के लिए शहर की कुछ अध्यापिकाओं को कभी-कभी वहाँ जाना चाहिए।

12. **कथन :** कई विद्यालयों में अधिकांश छात्र अंतिम परीक्षा पास नहीं करते हैं।

**कार्यवाही I :** ऐसे विद्यालयों को बंद कर देना चाहिए क्योंकि ये लाभदायक नहीं हैं।

**कार्यवाही II :** ऐसे विद्यालयों में अच्छे व परिश्रमी शिक्षकों को नियुक्त किया जाना चाहिए।

13. **कथन :** शहर में सीनियर सैकण्डरी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए अनेक छात्र महाविद्यालय में सीटों की कम क्षमता के कारण प्रवेश प्राप्त नहीं कर सके।

**कार्यवाही I :** सरकार को महाविद्यालय में सीटें बढ़ा कर इन छात्रों के प्रवेश के लिए तुरंत व्यवस्था करनी चाहिए।

**कार्यवाही II :** जिन छात्रों को महाविद्यालय में प्रवेश नहीं मिल सका, उन्हें अन्य व्यावसायिक कोर्सों के लिए प्रयत्नशील रहने की सलाह देनी चाहिए।

14. **कथन :** पुस्तक लेखन में कला की सुग्राह्यता और रोचकता के साथ-साथ ऐसा मानक मापदण्ड होना चाहिए, जो नई जागरूकता पैदा करे।

**कार्यवाही I :** लेखक को पुस्तक लिखते समय पाठकों की रुचि पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

**कार्यवाही II :** ऐसी मापदण्ड वाली पुस्तक, जो समाज को प्रदूषित करे, के लेखक को जान से मार देना चाहिए।

15. **कथन:** जिला कलेक्टर ने सर्दी के कहर को देखते हुए यह आदेश दिया कि सभी स्कूलों को तत्काल बंद कर दिया जाये।

**कार्यवाही I :** सभी स्कूल प्रभारियों को जिला कलेक्टर के इस निर्णय को मान लेना चाहिए।

**कार्यवाही II :** सभी स्कूल प्रभारियों को जिला कलेक्टर के इस निर्णय को नहीं मानना चाहिए।

16. **कथन :** सरकार ने शिक्षकों की फर्जी बहाली की जाँच हेतु आखिरकार एक कमेटी बना ही दी, जिसके लिए सदन में कई दिनों से हंगामा हो रहा था।

**कार्यवाही I :** सरकार को उन पदाधिकारियों को हटा देना चाहिए, जिन्होंने फर्जी बहाली की।

**कार्यवाही II :** सरकार को कमेटी में ईमानदार व योग्य लोगों को ही रखना चाहिए, जो पक्षपात व घूसखोरी को बढ़ावा न दें।

17. **कथन :** स्कूल अवधि में स्कूल के छात्रों के एक समूह द्वारा पिकनिक मनाने का समाचार मिला।

**कार्यवाही I :** प्रिंसिपल को ऐसे छात्रों के अभिभावकों से सम्पर्क करना चाहिए और उन्हें भविष्य में ऐसा नहीं करने की चेतावनी देनी चाहिए।

**कार्यवाही II :** अन्य छात्रों को आगाह करने के लिए, उन बच्चों के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही करनी चाहिए।

18. **कथन :** चेयरमैन ने शिक्षा व्यवस्था को और अधिक लचीला बनाने पर जोर दिया और यह कहते हुए अफसोस जताया कि समय के साथ शिक्षा कार्यक्रम में बदलाव नहीं हो रहे हैं।

**कार्यवाही I :** शिक्षा कार्यक्रम पर निश्चित अंतराल में पुनर्विचार एवं परिवर्तन किया जाना चाहिए।

**कार्यवाही II :** शिक्षा व्यवस्था को और अधिक लचीला बनाना चाहिए।

19. **कथन :** बहुत से मेडिकल एवं इंजीनियरिंग स्नातक प्रशासनिक क्षेत्र व बैंकों में नौकरी कर रहे हैं।

**कार्यवाही I :** सभी व्यावसायिक डिग्रीधारी स्नातकों को ऐसे क्षेत्रों में नौकरी से रोका जाना चाहिए।

**कार्यवाही II :** सरकार को व्यावसायिक डिग्रीधारी स्नातकों द्वारा ऐसी नौकरियों में आने के कारण एवं इसके बचाव के तरीकों का पता करने के लिए समिति गठित करनी चाहिए।

20. **कथन :** जिले में लगातार तीसरे वर्ष खरीफ की फसल गंभीर रूप से कीटों द्वारा प्रभावित हुई है और किसानों को इन वर्षों में 50 प्रतिशत से भी कम फसल प्राप्त हुई है।

**कार्यवाही I :** अगले वर्ष किसानों को अपनी फसलों के बचाव के लिये कीट द्वारा हुए हमले पर नियंत्रण के लिए उपाय ढूँढने चाहिए।

**कार्यवाही II :** सरकार को किसानों को आर्थिक कठिनाई से बचाने के लिए खरीफ के आधार प्राप्ति मूल्य में पर्याप्त वृद्धि करनी चाहिए।

21. **कथन :** प्रत्येक राष्ट्र को प्रतिष्ठा से बने रहने के लिए निरन्तर आर्थिक वृद्धि और विकास करना आवश्यक है।

**कार्यवाही I :** प्रत्येक राष्ट्र में बैंक और वित्तीय संस्थाओं को अपने ग्राहकों को आर्थिक वृद्धि और विकास के महत्त्व से अवगत कराना चाहिए।

**कार्यवाही II :** जीवन के हर मोड़ पर प्रतिष्ठा से जीवनयापन करने के लिये उचित रूप से प्रयास करना चाहिए।

Bookbaazi.in